गुरुवार, 25 सितम्बर 2025

मौसम

तापमान 26 – 34
आर्द्रता 76%
सूर्योदय: 5:26 सूर्यास्त: 17:32

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा




चौथा नवरात्रः रोग हरें, कल्याण करें मां कूष्मांडा पृष्ठ 2

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, आश्विन शुक्लपक्ष चतुर्थी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : किसी का असली चरित्र तभी सामने आता है जब आप उसके मतलब के नहीं होते।

RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

समाज्ञा हिन्दी दैनिक
कॉर्पोरेट आफिस :
230, चित्तरंजन एवेन्यू,
3सरा तल्ला
कोलकाता–700 006



त्रिधारा सम्मिलनी दुर्गा पूजा का उद्घाटन करती मुख्यमंत्री ममता बनर्जी साथ में हैं विधायक देवाशीष कुमार, देवजानी कुमार, देवलीना कुमार एवं अन्य।

# बंगाल सरकार बारिश से संबंधित घटनाओं में मारे गए लोगों के स्वजनों को दो-दो लाख की आर्थिक सहायता देगी : ममता

## ममता ने बिजली से हुई मौतों के लिए फिर सीईएससी को जिम्मेदार ठहराया

### कहा... 'सीईएससी द्वारा नौकरी नहीं देने पर राज्य सरकार मृतकों के स्वजनों को रोजगार भी देगी'

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कोलकाता व आसपास के इलाकों में मूसलाधार बारिश के कारण आई आपदा और विभिन्न स्थानों पर करंट लगने की घटनाओं में मारे गए लोगों के स्वजनों को दो–दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की बुधवार को घोषणा की। मुख्यमंत्री ने करंट से मौतों के लिए एक बार फिर निजी बिजली कंपनी सीईएससी की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराते हुए कंपनी से पीड़ित परिवारों को पांच–पांच लाख रुपये का मुआवजा और नौकरी देने का भी आग्रह किया। इस दिन, दक्षिण कोलकाता में एक दुर्गा पूजा के उद्घाटन समारोह में बोलते हुए ममता ने कहा कि राज्य सरकार बिजली से मरने वालों के स्वजनों को दो–दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि प्रदान करेगी। ममता ने कहा कि अगर सीईएससी नौकरी नहीं देती है, तो राज्य सरकार मृतकों के स्वजनों के लिए रोजगार भी सुनिश्चित करेगी। मुख्यमंत्री ने सीईएससी से बिजली से हुई मौतों की जिम्मेदारी लेने की अपील की। उन्होंने जोर देकर कहा कि ये मौतें सीईएससी की लापरवाही के कारण हुईं है।

## कतर में भी यूपीआई के जरिये भुगतान सेवा की शुरुआत

**नयी दिल्ली :** अब भारतीय यात्री कतर में भी यूपीआई के जरिये भुगतान कर सकेंगे। एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड (एनआईपीएल) ने कतर नेशनल बैंक (क्यूएनबी) के साथ मिलकर इस सुविधा की शुरुआत की है। इस पहल के तहत क्यूएनबी से जुड़े दुकानदार और नेटस्टार्स के भुगतान समाधान का इस्तेमाल करने वाली पॉइंट–ऑफ–सेल मशीनों पर यूपीआई क्यूआर कोड से भुगतान किया जा सकेगा। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने बुधवार को बयान में कहा कि 'कतर ड्यूटी फ्री' की दुकानें इस सुविधा का इस्तेमाल करने वाले शुरुआती प्रतिष्ठान हैं। धीरे–धीरे यह सुविधा अन्य प्रमुख पर्यटक स्थलों और बाजारों में भी उपलब्ध होगी। कतर आने वाले अंतरराष्ट्रीय आगंतुकों में भारतीय यात्री दूसरे स्थान पर हैं। नई सुविधा से उन्हें नकदी रखने और मुद्रा बदलने की परेशानी से छुटकारा मिलेगा।




## सीडीएस जनरल चौहान का कार्यकाल आठ महीने के लिए बढ़ाया गया

**नयी दिल्ली :** प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान का कार्यकाल अगले साल मई तक बढ़ा दिया गया है। सरकार ने बुधवार को यह जानकारी दी। शीर्ष सैन्य अधिकारी के रूप में जनरल चौहान का वर्तमान कार्यकाल 30 सितंबर को समाप्त होने वाला था। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि सरकार ने जनरल चौहान के प्रमुख रक्षा अध्यक्ष और सैन्य मामलों के विभाग के सचिव के रूप में सेवा विस्तार को मंजूरी प्रदान की है जो अगले वर्ष 30 मई तक या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो जारी रहेगा। वह 30 सितंबर, 2022 से प्रमुख रक्षा अध्यक्ष के पद पर तैनात हैं।

## सीबीएसई कक्षा 10, 12 की बोर्ड परीक्षाएं 17 फरवरी से आयोजित करेगा

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) अगले साल 17 फरवरी से कक्षा 10 और 12 की बोर्ड परीक्षाएं आयोजित करेगा। अधिकारियों ने बुधवार को यह घोषणा की। बोर्ड ने महत्वपूर्ण परीक्षाओं के लिए एक संभावित 'डेटशीट' की घोषणा की। यह पहली बार है कि कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षाएं एक शैक्षणिक सत्र में दो बार आयोजित की जाएंगी। सीबीएसई के परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने कहा, पहला संस्करण 17 फरवरी से छह मार्च, 2026 तक आयोजित किया जाएगा, जबकि दूसरा संस्करण 15 मई से एक जून तक आयोजित किया जाएगा। मई में होने वाला दूसरा चरण उन छात्रों के लिए वैकल्पिक होगा जो अपना प्रदर्शन सुधारना चाहते हैं। अगर कोई छात्र दोनों चरणों में शामिल होता है, तो दोनों चरणों में से सर्वश्रेष्ठ अंक ही मान्य होंगे। दोनों परीक्षाएं वर्ष के लिए निर्धारित पूर्ण पाठ्यक्रम पर आयोजित की जाएंगी तथा अध्ययन की योजना और परीक्षा की योजना समान रहेगी।

बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि इस प्रणाली के तहत कोई अलग से पूरक परीक्षा आयोजित नहीं की जाएगी। इसके बजाय, बोर्ड परीक्षा का दूसरा सत्र उन छात्रों के लिए पूरक परीक्षा के रूप में होगा जो अपने अंक सुधारना चाहते हैं। वर्तमान में, छात्रों के पास पूरक परीक्षाओं में अपने अंक सुधारने का अवसर होता है।

## मालदह में 40 करोड़ रुपये के ब्राउन शुगर के साथ तीन गिरफ्तार



**मालदह :** जिले के गोलापगंज थाना प्रभारी ने मंगलवार की रात पुलिस बल के साथ कालियाचक थाना इलाके के पक्का कोट (बालू) स्थित एक आमबागान के पास छापेमारी कर 39 किलो ब्राउन शुगर के साथ तीन व्यक्तियों को मौके से गिरफ्तार किया। बरामद ब्राउन शुगर की अंतरराष्ट्रीय बाजार में खुदरा कीमत लगभग 40 करोड़ रुपए आंकी गई है। आरोपितों के नाम बरकात शेख (50), रऊफ शेख (45) और हसीबुर शेख (42) के रूप में हुई है। तीनों आरोपित कालियाचक थानांतर्गत नारायणपुर के निवासी हैं। पुलिस ने मौके से दो लाल रंग के टब बरामद किए, जिनमें भूरे रंग का पाउडर गीली अवस्था में रखा हुआ था। सफेद कपड़े में लपेटे इस पाउडर का कुल वजन लगभग 39 किलो है, जिसे संदिग्ध ब्राउन शुगर बताया गया है। दोनों टब का अलग–अलग वजन करीब 19–19 किलो था। गिरफ्तारी के बाद तीनों आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने यह भी बताया कि इस गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों की पहचान कर ली गई है और आगे की कार्रवाई जारी है।

## अजेय रहते हुए एशिया कप के फाइनल में भारत

### 'रन–मशीन' अभिषेक का अर्धशतक, स्पिनर चमके

### अब करो या मरो के मैच में उतरेंगे बांग्लादेश–पाकिस्तान



**दुबई :** भारत ने एशिया कप सुपर–4 मुकाबले में बांग्लादेश को 41 रन से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। इस जीत के नायक रहे सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और भारतीय स्पिनर। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में छह विकेट पर 168 रन बनाए। अभिषेक ने 37 गेंदों में छह चौके और पांच छक्कों की मदद से 75 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली। शुभमन गिल (29) और हार्दिक पंड्या (38) ने भी उपयोगी योगदान दिया, हालांकि बाकी बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सके। जवाब में बांग्लादेश की टीम 19.3 ओवर में 127 रन पर सिमट गई। उसके लिए सलामी बल्लेबाज सैफ हसन ने 51 गेंदों पर 69 रन बनाए, लेकिन उन्हें दूसरे छोर से कोई सहयोग नहीं मिला। भारत के लिए कुलदीप यादव ने चार ओवर में सिर्फ 18 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि वरुण चक्रवर्ती और जसप्रीत बुमराह को दो–दो सफलता मिली। अक्षर पटेल को भी एक विकेट हासिल हुआ। इस जीत के साथ भारत ने फाइनल में जगह पक्की कर ली है। अब आज बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच होने वाले मुकाबले से तय होगा कि खिताबी जंग में भारत का सामना किससे होगा।

अब पूर्वी भारत में टोटल जॉइंट रिप्लेसमेंट के लिए ऑटोमेटिक रोबोटिक सर्जरी

पूर्वी भारत में संयुक्त प्रतिस्थापन सर्जरी के अग्र–दूत, डॉ. संतोष कुमार, बताते हैं कि एआई–सशक्त सक्रिय स्वचालित रोबोट सीयूवीआईएस सर्जनों के लिए आंखों की एक अतिरिक्त जोड़ी के रूप में कार्य करता है और सर्जरी में अधिक सटीकता प्रदान करता है और बुजुर्ग और बड़े जोखिम वाले रोगियों के लिए अधिक फायदेमंद हो सकता है।



Dr. Santosh Kumar
Orthopaedic and Joint Replacement Surgeon

अब तक, विभिन्न आर्थोपेडिक सर्जरी में निष्क्रिय और अर्ध–सक्रिय रोबोटों का उपयोग किया गया है। अब, प्रौद्योगिकी की उन्नति ने मनुष्य की भलाई के लिए चिकित्सा विज्ञान के साथ एक गांठ बांध ली है। इसे ध्यान में रखते हुए कोलकाता के अग्रणी ऑर्थोपेडिक सर्जन और पूर्वी भारत में प्रमुख ज्वाएंट रिप्लेसमेंट सर्जन डॉ संतोष कुमार ने अब पूर्वी भारत में ज्वाएंट रिप्लेसमेंट सर्जरी के लिए अल–पावर्ड सक्रिय स्वचालित रोबोट पेश किया है। सीयूवीआईएस जैसे सक्रिय रोबोटों में एक सक्रिय स्वचालित रोबोटिक भुजा होती है जो पूर्व–योजना, अनुकरण, आकार और अभिविन्यास के साथ–साथ पूर्व–संचालन निर्धारण की अनुमति देती है और अंत में शून्य त्रुटि के साथ योजना के अनुसार हड्डी को तैयार करने का काम करती है। सर्जरी के सभी चरण स्वचालित रूप से ही होते रहते हैं और सर्जन रोबोट को हाथ से पकड़े हुए रिमोट से नियंत्रित करता है।

हालांकि पूरी प्रक्रिया इस सक्रिय स्वचालित रोबोट द्वारा की जाएगी लेकिन पूरी प्रक्रिया को डॉ. संतोष कुमार के नेतृत्व में कुशल आर्थोपेडिक सर्जनों की टीम द्वारा नियंत्रित किया जाएगा।




ADVANTAGES

- इंसान की आंखें एक मिली मीटर से करीब दो बिंदुओं में अंतर नहीं कर सकती हैं, लेकिन रोबोट एक मिलीमीटर के दसवें हिस्से तक माप का सटिक आंकलन कर सकता है। इसलिए, एक सर्जन अत्यंत सबमिली मीटर सटीकता के साथ सटीक प्रदर्शन कर सकता है।
- सर्जरी में सीयूवीआईएस का उपयोग करने की एक और खासियत अनुकूलित सरेखण भी है। यह सक्रिय रोबोट घुटने के प्रतिस्थापन में अति–उच्च परिशुद्धता के साथ हासिल किया जाता है। यह चलने की स्थिरता को पुनर्स्थापित करता है। इस प्रकार, यह एक सुरक्षित तकनीक है।
- 0% मानव त्रुटि होने की संभावना।
- सीयूवीआईएस अपने न्यूनतम इनवेसिव दृष्टिकोण, चिकनी हड्डी के कारण पोस्ट–ऑपरेटिव रिकवरी को भी तेज करता है। कटौती, प्रत्यारोपण की अनुकूलित नियुक्ति, कम खून का बहना और कम दर्द, रिकवरी में तेजी लाती है।

**प्रत्यारोपण में इसकी लंबी उम्र है।**

Institute of Robotic Joint Replacement Surgery (Belle Vue Clinic)
Dr Santosh Kumar is available for Consultation at Belle Vue Clinic, Loudon Street, Kolkata 17 (daily) and the office of Hip and Knee Foundation at Plot number 332, Lake Town block A, Kolkata-700 089
More information call us 9831911584/9831266632
Visit our website www.mykneemylife.org



## जमीनी हकीकत में भी हो बदलाव

गाजा में फलस्तीनियों के चौरतरफा दमन के बीच यदि ब्रिटेन, कनाडा और आस्ट्रेलिया ने फलस्तीन राज्य को मान्यता दी है तो इसे बड़े कूटनीतिक बदलाव के रूप में देखना चाहिए। अमेरिका की इच्छा के विपरीत यदि जी-7 के देश फलस्तीन राज्य को समर्थन दे रहे हैं तो इसके गहरे निहितार्थ हैं। जो इस्राइल को असहज करने वाले होंगे, क्योंकि इस्राइल द्विराष्ट्र सिद्धांत को मानने को कभी राजी नहीं हुआ है। अभी कई देश मान्यता देने का मन बना रहे हैं। अमेरिकी संरक्षण में फलस्तीनियों के दमन में लगे इस्राइल पर वैश्विक जनमत का कोई तत्काल असर नजर नहीं आता है, लेकिन देर-सवेर स्थितियां जरूर बदलेंगी। बहरहाल, इस्राइल-हमास के संघर्ष में पिसते फलस्तीनियों की पहचान का मुद्दा फिर जोर पकड़ रहा है। केवल जी-समूह के देश ही नहीं, फ्रांस भी फलस्तीनियों को मान्यता देने का मन बना चुका है। गाजा में मानवता के क्रंदन से दुनिया के सभी बड़े देश विचलित हैं और अपने-अपने देशों में जन-दबाव महसूस कर रहे हैं। सवाल यह है कि जब संयुक्त राष्ट्र के तीन-चौथाई से ज्यादा सदस्यों ने फलस्तीनी राज्य के दर्जे को वैधता प्रदान कर दी है, तो जमीनी हकीकत में बदलाव क्यों नहीं आ रहा है। बहरहाल, लंबे समय से आत्मनिर्णय की गरिमा से वंचित लाखों लोगों के लिए, यह अधिकारों की पुष्टि और प्रतीकात्मक जीत दोनों ही हैं। लेकिन यह भी हकीकत है कि कागजी मान्यता से जमीनी हकीकत नहीं बदलने वाली। पश्चिमी तट पर इस्राइली बस्तियों का विस्तार निर्बाध रूप से जारी है। दूसरी ओर गाजा की नाकाबंदी भी अभी जारी है। राहत सामग्री बांटने के नाम पर जिस तरह भूखे लोगों का दमन किया गया, उसने सभ्य दुनिया के औचित्य पर सवाल ही उठाये हैं। गाजा में समय-समय पर हिंसा भड़कती रहती है, जिससे फिलहाल स्थिरता की कोई सूरत नजर नहीं आती। फलस्तीनी आज भी तरह-तरह के प्रतिबंधों के बीच जिंदगी के दिन गिन रहे हैं।

निस्संदेह, इस्राइल द्वारा लगाये गए तमाम प्रतिबंध फलस्तीन की संप्रभुता की अवधारणा का मजाक ही उड़ाते हैं। वास्तव में पश्चिमी देशों द्वारा दी गई मान्यता जब तक व्यावहारिक उपायों मसलन राजनीतिक, आर्थिक और कानूनी प्रावधानों द्वारा समर्थित नहीं होती, तब तक इन घोषणाओं का सिर्फ प्रतीकात्मक महत्व ही रह जाता है। विडंबना यह भी है कि जी-7 के अन्य प्रमुख देश अमेरिका, जर्मनी, इटली और जापान ने फलस्तीन को मान्यता देने से इनकार किया है। उनकी दलील है कि यह प्रश्न इस्राइल की सुरक्षा चिंताओं से जुड़ा है। लेकिन वास्तव में शांति इस आधार पर कायम नहीं की जा सकती है कि एक व्यक्ति के अधिकार दूसरे की सुरक्षा की भावना पर निर्भर हों। द्विराष्ट्र समाधान, जिसे संयुक्त राष्ट्र ने एकमात्र व्यवहार्य ढांचे के रूप में समर्थन दिया है, समानता की मांग करता है। भारत ने वर्ष 1988 में फलस्तीन को मान्यता दी थी। साथ ही इस्राइल के साथ घनिष्ठ संबंध बनाते हुए भी उसके राज्य के दर्जे के पक्ष में समर्थन व्यक्त किया है। लेकिन, मौजूदा संघर्ष के दौरान, भारत ने प्रतिक्रिया देने में स्पष्ट रूप से देरी की है। निश्चिय ही यह भारत की ऐतिहासिक एकजुटता और रणनीतिक साझेदारी के बीच सतर्क संतुलन को ही दर्शाता है। दरअसल, यह हिचकिचाहट नैतिक स्पष्टता और व्यावहारिक राजनीति के साथ संरेखित करने की कठिनाई को रेखांकित करती है। बहरहाल, मान्यता की लहर को केवल नैतिक दिशासूचक के रूप में देखा जा सकता है। वास्तव में गाजा संकट की विभीषिका के बीच बस्तियों के विस्तार को रोकने, प्रतिबंधों को हटाने, मानवीय पहुंच सुनिश्चित करने तथा विश्वसनीय वार्ता को आगे बढ़ाने की जरूरत है। यदि ऐसा नहीं होता तो फलस्तीन सिर्फ एक नाममात्र का राज्य बनकर रह जाएगा। यह इस बात की भी परीक्षा है कि क्या अंतर्राष्ट्रीय समुदाय में तत्काल कार्रवाई करने की इच्छाशक्ति है। दुनिया के देशों को ध्यान रखना चाहिए कि इस्राइल व हमास संघर्ष शुरू होने के बाद से 65 हजार से अधिक लोग मारे जा चुके हैं, जिनमें अधिकांश आम लोग हैं। इसके अलावा लाखों लोग भुखमरी और विस्थापन का दंश झेल रहे हैं। वहीं कतर की राजधानी दोहा पर इस्राइली हमले के बाद गाजा में संघर्षविराम की स्थिति भी धूमिल होती नजर आ रही है।

# चौथा नवरात्र: रोग हरें, कल्याण करें मां कूष्मांडा



डॉ घनश्याम बादल

मां शैलपुत्री-पूजन के साथ नवरात्र शुरू हो चुके हैं। दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी की आराधना और तीसरे दिन देवी चंद्रघंटा का पूजन हुआ। चौथ दिन चौथी आदिशक्ति देवी कूष्मांडा का पूजन अर्चन है।

**कौन है मां कूष्मांडा?**

भागवत पुराण के अनुसार सृष्टि की उत्पत्ति से पूर्व प्राणी शून्य सृष्टि में चारों ओर अंधकार ही अंधकार था और सृष्टि तब आदिशक्ति मां दुर्गा ने अंडरूप में ब्रह्मांड की रचना की। इसी कारण वे 'कूष्मांडा' कहलाई। कूष्मांडा देवी सृष्टि की उत्पत्ति करने वाली आदिशक्ति हैं। इनके तेज से साधक की सभी व्याधियां नष्ट हो जाती हैं एवं बल और आरोग्य मिलता है। इनकी पूजा में मिष्ठान का भोग विशेष है।

**क्या है मां को प्रिय?**

माता को कुम्हड़े की बलि बहुत प्रिय है। संस्कृत भाषा में कूष्मांडा को कुम्हड़ कहते हैं। बलियों में कुम्हड़े की बलि इन्हें सर्वाधिक प्रिय है। मां कुष्माण्डा की आठ भुजाएं होने के कारण इन्हें अष्टभुजा भी कहा जाता है। इनके सात हाथों में क्रमशः कमण्डल, धनुष, बाण, कमल, अमृत से भरा कलश, चक्र तथा गदा है, जबकि आठवें हाथ में जप की माला है, वाहन सिंह है निवास स्थान सूर्यमंडल के भीतर है। सूर्यलोक में निवास करने की क्षमता अगर किसी में है तो वह केवल मां कुष्माण्डा में ही है।

**कैसे मनाएं मां कुष्मांडा को**

देवी कुष्माण्डासूर्य देव को दिशा और ऊर्जा प्रदान करने वाली मानी जाती हैं। परिवार में खुशहाली, अच्छे स्वास्थ्य और यश, बल तथा आयु की वृद्धि के लिए मां कुष्माण्डा का ध्यान करके इस मंत्र का जाप करना फलदायी माना गया है 'ऊं ऐं ह्रीं क्लीं कुष्मांडायै नम:

**सामग्री :** नवरात्र पूजन के चौथे दिन माता कुष्मांडा की पूजा सच्चे मन से कर मन को अनहत चक्र में स्थापित करने हेतु मां का आशीर्वाद लेना चाहिए।पूजा के लिए हरे रंग के आसन का प्रयोग करना बेहतर है। देवी कूष्मांडा का ध्यान कर उनको धूप, गंध, अक्षत्, लाल पुष्प, सफेद कुम्हड़ा, फल, सूखे मेवे और सौभाग्य का सामान अर्पित करें।

**भोग :** इसके बाद मां कूष्मांडा को हलवे और दही का भोग लगाएं। भक्त भी इसे प्रसाद के रूप में ग्रहण कर सकते हैं। देवी को लाल वस्त्र, लाल पुष्प, लाल चूड़ी भी अर्पित करना चाहिए।

**मंत्र :** मां कूष्मांडा को इस निवेदन के साथ जल पुष्प अर्पित करें कि उनके आशीर्वाद से आपका और आपके स्वजनों का स्वास्थ्य अच्छा रहे। पहले कलश में विराजमान सब देवी- देवताओं की और फिर मां कुष्मांडा की पूजा करें। इसके बाद हाथों में फूल लेकर मां को प्रणाम कर इस मंत्र का ध्यान करें।

**सुरासम्पूर्णकलशं रूधिराप्लुतमेव च.**
**दधाना हस्तपद्माभ्यां कूष्माण्डा शुभदास्तु।**

फिर मां कुष्मांडा के इस मंत्र का जाप करें।

**'या देवी सर्वभूतेषु मां कूष्माण्डा रूपेण संस्थिता।**
**नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नम:।।'**

### माँ कूष्मांडा



पूजा के बाद महादेव और परमपिता ब्रह्मा जी व मां लक्ष्मी देवी स्मरण करना भी फलदाई होता है। कूष्मांडा योग-ध्यान की देवी भी हैं। देवी का यह स्वरूप अन्नपूर्णा का भी है वें उदराग्नि को शांत करती हैं। इस देवी कवच को पांच बार पढ़ना चाहिए।।

**सुरासंपूर्णकलशं रुधिराप्लुतमेव च। दधाना हस्तपद्माभ्यां कूष्माण्डा शुभदास्तु मे।।**

मां कूष्मांडा की पूजा वाले दिन बुध के अशुभ प्रभाव से पीड़ित व्यक्ति के उम्र जितनी हरी इलाइची लें और फिर एक-एक कर ये इलाइची मां के चरणों में चढ़ाते जाएं. इस दौरान ये मंत्र बोलें ॐ बुं बुधाय नमः. अगले दिन सारी इलाइची को एकत्र करके हरे कपड़े में बांधकर सुरक्षित रख लें। मान्यता है इससे वाणी और बुद्धि में निखार आता है।

**क्या देती हैं मांकुष्मांडा :** माँ कूष्माण्डा की उपासना से भक्तों के समस्त रोग-शोक मिट जाते हैं। इनकी भक्ति से आयु, यश, बल और आरोग्य की वृद्धि होती है। माँ कूष्माण्डा बहुत कम सेवा और भक्ति से भी प्रसन्न होने वाली हैं। यदि मनुष्य सच्चे ह्दय से इनका शरणागत बन जाए तो फिर उसे अत्यन्त सुगमता से परम पद की प्राप्ति हो सकती है। विधि-विधान से माँ के भक्ति-मार्ग पर कुछ ही कदम आगे बढ़ने पर भक्त साधक को उनकी कृपा का सूक्ष्म अनुभव होने लगता है। यह दुःख स्वरूप संसार उसके लिए अत्यंत सुखद और सुगम बन जाता है।

**भव सागर तारिणि :**

माँ की उपासना मनुष्य को सहज भाव से भवसागर से पार उतारने के लिए सर्वाधिक सुगम और श्रेयस्कर मार्ग है। माँ कूष्माण्डा की उपासना मनुष्य को आधियों-व्याधियों से सर्वथा विमुक्त करके उसे सुख, समृद्धि और उन्नति की ओर ले जाने वाली है। अतः अपनी लौकिक, पारलौकिक उन्नति चाहने वालों को इनकी उपासना में सदैव तत्पर रहना चाहिए।

**नई सोच क्या हो?**

वैज्ञानिक सोच के अनुसार देवी पूजन का मुख्य उद्देश्य नारी शक्ति का सम्मान करना है। बालिका विकास एवं स्त्रियों को उनके अधिकार दिलवाने मैं योगदान के प्रति चेतना जगाना भी नवरात्र उपवास का नया लक्ष्य है। इसलिए धार्मिक सोच एवं वंदन पूजन के साथ-साथ कन्या एवं महिला शक्ति करण के यज्ञ में हमें अपने सद्प्रयासों की आहुति देनी चाहिए और कोशिश करनी चाहिए कि अपने व्यक्तिगत एवं सामाजिक जीवन में हम स्त्रियों का समुचित सम्मान तो करें ही आवश्यकता पड़ने पर उनके पक्ष में खड़े भी हों। यदि हम ऐसा कर पाते हैं तो निश्चित ही नवरात्रि व्रत बहुत शुभ फल प्रदान करेंगे।

# व्यापार में सुगमता बढ़ाने से अभूतपूर्व निवेश आकर्षित हो सकता है

डॉ. सौम्य कांति घोष

हाल ही में वैश्विक रेटिंग एजेंसियों ने भारत पर भरोसा दोहराया है। यह भरोसा भारत की अर्थव्यवस्था की उस मजबूत संरचना को साबित करता है, जो पिछले कुछ वर्षों में कठिन मेहनत से तैयार की गई है। इससे व्यापार को लेकर उठने वाला संदेह और शोर-शराबा भी शांत हुआ है।

यह सुनिश्चित करने के लिए कि संपत्ति का बराबर बंटवारा हो और सभी को समान अवसर मिलें, सरकार ने बारबेल रणनीति अपनाई है। इसके तहत नीतियों और नियमों में कई तरह के सुधार किए जा रहे हैं, ताकि ईज ऑफ बिज़नेस के अलग-अलग स्तंभ मज़बूत हों।

साथ ही, बड़े पैमाने पर औपचारिकीकरण, वित्तीयकरण और तकनीकी एकीकरण को ज़रूरी बनाया गया है।यह निवेश आकर्षित करने और अन्य देशों से कड़ी प्रतिस्पर्धा में आगे निकलने के लिए अनिवार्य है।

महामारी के बाद भू-राजनीतिक हालात ने मैन्युफैक्चरिंग के तरीके बदलने की ज़रूरत पैदा कर दी। इसी के चलते भारत ने एक नई राह पकड़ी है, जहां ईज ऑफ एग्ज़िट यानी व्यापार से बाहर निकलने की आसानी पर जोर दिया जा रहा है। यह निवेशकों के लिए बहुत अहम है क्योंकि वे पूंजी लगाते समय इस सुविधा को देखते हैं। साल 2000 से अब तक भारत में 1 ट्रिलियन डॉलर से ज़्यादा का एफडीआई आया है, जिसमें सेवाएं, तकनीक और टेलीकॉम जैसे क्षेत्र सबसे ज़्यादा लाभान्वित हुए हैं (वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही तक ही लगभग 25 अरब डॉलर निवेश आया है)।

जब सेबी विश्वसनीय विदेशी निवेशकों के लिए एकल खिड़की स्वचालित एवं सामान्यीकृत पहुंच (स्वागत-एफआई) लागू करता है, कम जोखिम वाले माने जाने वाले प्रमुख विदेशी निवेशकों के लिए पहुंच को सरल बनाता है, या आरबीआई फेमा दिशानिर्देशों में बहुप्रतीक्षित बदलाव लाता है, जिससे अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में रुपये का उपयोग बढ़ता है, तो अटलांटिक पार से आने वाली हलचलें अविस्मरणीय होती हैं। संस्थागत सुधारों की सफलता आईबीसी, संपत्ति पुनर्निर्माण, इंफ्रा फाइनेंसिंग और बैंकिंग, बीमा व वित्तीय सेवाओं में प्लग-एंड-प्ले मॉडल के रूप में दिखती है। इन क्षेत्रों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का तेज़ी से बढ़ता इस्तेमाल इसे और मज़बूत बना रहा है।

जनसंख्या के पैमाने पर कई नीतिगत कदम उठाए गए हैं, जैसे पीएमएवाई ( 3.2 करोड़ घरों को मंजूरी), मुद्रा (कुल 52 करोड़ से अधिक खातों में 33.65 लाख करोड़ रुपये मंजूर किए गए, जिसमें 68% महिला उद्यमी हैं), पीएम-स्वनिधि (96 लाख से अधिक ऋण खातों के माध्यम से 68 लाख से अधिक स्ट्रीट वेंडरों को कवर किया गया), उद्यम (उद्यम सहायता पोर्टल की गणना करते हुए 6.86 करोड़ से अधिक एमएसएमई पंजीकरण), श्रम सुविधा (2018 से 6.63 लाख ईएसआईसी पंजीकरण, 6.49 लाख ईपीएफओ पंजीकरण और फर्मों द्वारा 1.29 लाख अनुबंध श्रमिक पंजीकरण के साथ श्रम और रोजगार पोर्टल का अनुपालन), स्वामित्व (ग्रामीण क्षेत्रों के लिए एकीकृत आवासीय संपत्ति स्वामित्व समाधान जिसमें 3.20 लाख गांवों में ड्रोन सर्वेक्षण पूरा हो चुका है), नक्शा (प्रारंभ में 150 शहरों में पायलट कार्यक्रम के साथ शहरी भूमि पार्सल का व्यापक, जीआईएस-एकीकृत डेटाबेस, जिसे पूरे भारत में 4,912 शहरी स्थानीय निकायों तक विस्तारित किया जाएगा), एसएएससीआई (केन्द्र से राज्यों को पूंजीगत व्यय के लिए 50-वर्षीय ब्याज-मुक्त ऋण) और औपचारिकीकरण भी लगातार बढ़ रहा है। इन सारी योजनाओं ने मिलकर भारत की मेहनत और लचीलापन दोनों को नई ताक़त दी है। इससे पहले शुरू की गई कई योजनाओं को मजबूती मिली है, स्मार्ट सिटी मिशन से लेकर हर घर जल, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना (पीएमजीकेवाई), पीएम किसान सम्मान निधि से लेकर आयुष्मान भारत योजना तक। इन योजनाओं का असर सिर्फ़ आंकड़ों तक सीमित नहीं है, बल्कि नए निवेश को आगे बढ़ाने और सहारा देने में भी दिख रहा है।

2021 से अब तक जीएसटी संग्रह 1.9 गुना बढ़ा है (94% की वृद्धि), कॉर्पोरेट टैक्स संग्रह 2.2 गुना बढ़ा है (116% की वृद्धि), इनकम टैक्स वसूली 2.42 गुना बढ़ी है (143% की वृद्धि), टैक्स देने वालों की संख्या 1.4 गुना (37% वृद्धि) बढ़ी है, यानी लगभग 2.5 करोड़ नए करदाता जुड़े हैं। खास बात यह है कि निचले वर्ग के करदाता अब धीरे-धीरे ऊंचे स्तर पर पहुंच रहे हैं। इसके अलावा, कंपनियों का मुनाफ़ा (बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं को छोड़कर) 2021 से अब तक 2.4 गुना यानी लगभग 136% बढ़ा है।

कंपनियों के औपचारिककरण को और बढ़ावा देने के लिए, वित्तीय वर्ष 2023-24 में भारत में 1.85 लाख से अधिक कंपनियाँ बनीं। वहीं, 2024-25 में शुरुआती आंकड़े लगभग 1.63 लाख कंपनियों के पंजीकरण को दिखाते हैं। इसके साथ ही, वर्तमान में रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज(आरओसी) में लगभग 18.5 लाख सक्रिय कंपनियां दर्ज हैं। लेकिन भारत ने करीब 8.5 लाख निष्क्रिय/अप्रचालित कंपनियों को अपने रिकॉर्ड से हटा दिया है। इससे यह साफ़ होता है कि भारत बेनामी और फर्जी कंपनियों को प्रणाली से बाहर करने के लिए प्रतिबद्ध है। मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवाद को वित्तपोषण से रोकने (सीएफटी) के मोर्चे पर भारत के निरंतर प्रयासों की पिछले साल वैश्विक निगरानी संस्था ने सराहना की थी।

नवाचार (इनोवेशन) के क्षेत्र में हाल के वर्षों में भारत ने गहरी छाप छोड़ी है। कॉपीराइट, पेटेंट, बौद्धिक संपदा और ट्रेडमार्क के मामले में भारत की वृद्धि दर अब विकसित देशों के बराबर खड़ी है। पश्चिमी देशों का दबदबा अब चीन की वजह से कमजोर हुआ है, क्योंकि चीन के पास महत्वपूर्ण तकनीक और दुर्लभ खनिजों में बढ़त है। ऐसे में हमें इस बेहद अहम क्षेत्र पर खास ध्यान देना होगा और शिक्षा जगत, संस्थानों और उद्योगों के बीच सहयोग का एक गतिशील मॉडल आगे बढ़ाना होगा।

गौर करने वाली बात है कि भारत के स्टार्ट-अप्स ने सरकार के सहयोग (अर्थात स्टार्टअप्स के लिए फंड ऑफ फंड्स) और फंडिंग सहायता से अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने अमेरिका में सिलिकॉन वैली बैंक संकट और व्यापार से जुड़ी अनिश्चितताओं के बाद आई फंडिंग विंटर (निवेश की कमी) से बाहर निकलने में सफलता पाई। कई सफल स्टार्ट-अप्स ने सार्वजनिक निर्गम(पब्लिक ऑफरिंग) के ज़रिए पूंजी बाजार में प्रवेश किया है। 2014-15 से अब तक मुख्य बोर्ड पर 764 सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ, एफपीओ, ओएफएस आदि) और एसएमई प्लेटफॉर्म पर 1200 से ज़्यादा निर्गम (इस साल तक) हुए हैं। इसने यह साबित किया है कि पूंजी बाज़ार निवेशकों को आसानी से एग्ज़िट (निवेश से बाहर निकलने) का रास्ता देने में बड़ी भूमिका निभा रहे हैं। पूंजी के इस चक्रीय प्रवाह और उसके गुणक प्रभाव से यह सुनिश्चित होता है कि नई और छोटी कंपनियां भी अपने विकास के अलग-अलग चरणों में फंडिंग तक पहुँच बना सकें।

भारत को वैश्विक बॉन्ड सूचकांकों (वर्तमान उभरते बाजारों के सूचकांकों से एक महत्वपूर्ण क्षण) में शामिल करने पर विचार किया जा रहा है, जिसके लिए हमारे ऋण बाजार को नए सिरे से संतुलित करना जरूरी होगा होगा, साथ ही, बहु-आयामी ढांचे (एनआईपी, एनएमपी, पीएम गति शक्ति ) के लिए बड़े पैमाने पर फंडिंग की आवश्यकता होगी।इसलिए अब भारतीय निजी कंपनियों को वैश्विक सोच अपनानी होगी, दुनिया भर में ब्रांड इंडिया की मजबूत पहचान बनानी होगी और भारतीय प्रवासी समुदाय की बड़ी प्रतिभा को साथ जोड़कर तेज़ और साझी प्रगति की दिशा में बढ़ना होगा।

**(लेखक -16वें वित्त आयोग के सदस्य, पीएमईएसी (प्रधानमंत्री आर्थिक सलाहकार परिषद) के सदस्य और भारतीय स्टेट बैंक के ग्रुप चीफ इकोनॉमिक एडवाइज़र हैं। यहां व्यक्त विचार उनके निजी हैं।)**

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 25 सितम्बर, गुरुवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, आश्विन शुक्लपक्ष चतुर्थी, 07:06 तक, नक्षत्र : स्वाति, 19:03 तक, योग : वैधृति, 21:43 तक, सूर्योदय: 5:26, सूर्यास्त: 17:32, चन्द्रोदय : 08:11, चन्द्रास्त: 19:24, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : कन्या, चन्द्र राशि : तुला, राहू काल : 12:57 से 14:27

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आपको कोई जिम्मेदारी मिल सकती है। आपके अंदर एक्स्ट्रा एनर्जी रहेगी, लेकिन आप उसे इधर-उधर रहकर व्यर्थ ना करें।

**वृष :** आज आपको किसी काम में उसके नीति नियमों पर पूरा ध्यान देना होगा। राजनीति में आप थोड़ा सोच समझकर कदम बढ़ाएं। आपको बॉस की कोई बात बुरी लग सकती हैं।

**मिथुन :** आज का दिन आपके लिए धन-धान्य में वृद्धि लेकर आएगा और आपको किसी दूसरे के मामले में बेवजह बोलने से बचना होगा। आप अपने घर के रिनोवेशन का काम भी शुरू कर सकते हैं।

**कर्क :** आज आपकी नेतृत्व क्षमता बढ़ेगी और आप अपने घर के कामों पर पूरा ध्यान देंगे, लेकिन परिवार में किसी अतिथि का आगमन होने से सभी सदस्य व्यस्त रहेंगे।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आप अपने काम को लेकर यदि कोई बदलाव करेंगे, तो वह भी आपके लिए अच्छा रहेगा। आपका मन इधर-उधर के कामों में लगेगा।

**कन्या :** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। परिवार में किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है। आपको अपने खर्चों का लेखा-जोखा रखना होगा।

**तुला :** आज आप विभिन्न क्षेत्रों में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। आपको अपने निजी मामलों में किसी दूसरे से सलाह लेने से बचना होगा। आपकी किसी पुरानी गलती से पर्दा उठ सकता है।

**वृश्चिक :** आज आपके ऊपर काम का दवाब अधिक रहने से आप परेशान रहेंगे। पारंपरिक कार्यो से आपको जुड़ने का मौका मिलेगा। प्रतिस्पर्धा का भाव आपके मन में बना रहेगा।

**धनु :** आज का दिन आपके लिए सुख-शांति से भरा रहने वाला रहेगा। आपका आत्मविश्वास भी मजबूत रहेगा। किसी चल या अचल संपत्ति संबंधित विवाद पर थोड़ा चुप रहने की आवश्यकता है।

**मकर :** आज आपको दूसरों का सहयोग और समर्थन मिलेगा। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है। आपकी साख और सम्मान में वृद्धि होगी। पैतृक मामलों में भी सुधार होगा।

**कुम्भ :** आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपको उम्मीद से ज्यादा लाभ मिलने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपकी कुछ नई कोशिशें रंग लाएंगी।

**मीन :** आज का दिन आपके लिए अपने आवश्यक कामों पर ध्यान देने के लिए रहेगा। आपको कार्यक्षेत्र में भी कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। व्यवहार में बदलाव लाना होगा।

## विदेश की खबरें

### चीन ने रूसी तेल खरीद पर ट्रंप की आलोचनाओं को खारिज किया, कहा- अमेरिका, ईयू भी रूस से व्यापार कर रहे

**बीजिंग :** चीन ने बुधवार को अमेरिका को चेतावनी दी कि यदि वह रूस से व्यापार को लेकर बीजिंग के खिलाफ कोई कार्रवाई करता है तो उसे जवाब दिया जाएगा। चीन ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की इस आलोचना को खारिज कर दिया कि भारत और चीन रूसी तेल की खरीद के जरिये यूक्रेन युद्ध के 'प्राथमिक वित्तपोषक' हैं और कहा कि अमेरिका और यूरोपीय संघ (ईयू) भी मॉस्को के साथ व्यापार कर रहे हैं।

चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने यहां संवाददाताओं को संबोधित करते हुए, ट्रंप की आलोचना को खारिज कर दिया और कहा कि यूरोपीय संघ के अलावा अमेरिका स्वयं भी रूस के साथ व्यापार जारी रखे हुए है। उन्होंने मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा में ट्रंप की टिप्पणी पर पूछे गए एक सवाल के जवाब में कहा कि यूक्रेन संकट पर चीन का रुख निष्पक्ष और वस्तुनिष्ठ है तथा वह शांति के लिए वार्ता को सक्रियता से बढ़ावा देता है। गुओ ने कहा, अमेरिका और यूरोपीय देशों सहित दुनिया के अधिकांश देश रूस के साथ व्यापार करना जारी रखे हुए हैं। उन्होंने कहा, 'चीनी और रूसी कंपनियों के बीच सामान्य आदान-प्रदान और सहयोग विश्व व्यापार संगठन के नियमों और बाजार सिद्धांतों के अनुरूप हैं।'

### आतंकवादियों को पनाह देने और अपने लोगों पर बमबारी करने के बजाय अर्थव्यवस्था पर ध्यान दे पाक: भारत

**जेनेवा :** भारत ने पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में हुए विस्फोट में 24 लोगों की मौत का हवाला देते हुए कहा कि पड़ोसी मुल्क को आतंकवादियों को पनाह देने और अपने ही लोगों पर बमबारी करने के बजाय अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और मानवाधिकार रिकॉर्ड सुधारने पर ध्यान देना चाहिए। जेनेवा में भारत के स्थायी मिशन के काउंसलर क्षितिज त्यागी ने संयुक्त राष्ट्र में भारत के खिलाफ निराधार बयानबाजी के लिए पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल की आलोचना की।

त्यागी ने जेनेवा में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) के 60वें नियमित सत्र में मंगलवार को कहा, 'एक प्रतिनिधिमंडल भारत के खिलाफ निराधार और भड़काऊ बयानबाजी करके इस मंच का दुरुपयोग कर रहा है।' पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर का जिक्र करते हुए त्यागी ने पाकिस्तान से 'उसके अवैध कब्जे' वाले भारतीय क्षेत्र को खाली करने को कहा। उन्होंने कहा, 'हमारे क्षेत्र पर गलत नजर डालने के बजाय उन्हें भारत के उस क्षेत्र को खाली करना चाहिए, जिस पर उन्होंने अवैध कब्जा किया हुआ है।'

## वर्ग पहेली नं. 3218



*बायें से दायें:-* 2) राजनीतिक दल, 3) गंगा - यमुना संगम, 5) अटपटा; अजीब, 7) गतिरुद्ध; जोड़ फल, 9) अख़बार, 11) समूह; कोटी; श्रेणी, 12) आसमानी *(रंग)*, 13) आय, 15) मौका, 18) पुत्री, 20) मोगरा, 22) हमेशा, 23) महत्त्वाकांक्षा; इच्छा, 25) खींचना, 27) पितामह, 28) ग़ैरहाज़िरी, 30) एक मिठाई, 31) निकृष्ट, 32) फहरना.

*ऊपर से नीचे:-* 1) उथलपुथल, 2) परीक्षा का प्रश्नपत्र, 3) ख़त, 4) गजमुख, 5) विपरीत; उलटा, 6) तस्वीर, 8) रास्ता, 10) मंज़िल; लड़ी; हार, 14) निर्वाचक, 16) बोझिल, 17) रसीला, 19) यंत्रणा; पीड़ा; सितम, 20) अश्लिष्ट; असंस्कृत, 21) थूक, 24) स्त्रीलिंगीय सजीव, 26) इनकार; अस्वीकृति, 29) कपोल.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | रे | आ | म | | हे | रं | ब | | का |
| र | | | ग | ह | रा | | च | प | ला |
| ह | र | गि | ज़ | | फे | र | ना | | व |
| द | वा | | | प | री | ट | | सं | धि |
| | ना | ग | रि | क | | ना | वि | क | |
| अ | | र | | वा | दा | | ग | र | दा |
| बे | ह | द | | न | व | जा | त | | ग़ |
| | | नि | शा | | त | म | | गं | दा |
| अ | भि | या | न | | | न | ग | धा | र |

## सुडोकू-पहेली-3175

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 2 | 9 | | | |
| | | 5 | 7 | | | | 1 | |
| | | 3 | 4 | 5 | | 9 | | 8 |
| 1 | | | 6 | | | | | |
| | | | 8 | | | | | |
| | 5 | | | | | | 4 | |
| | 9 | 1 | | | | | 7 | |
| | 2 | | | | | | | |
| 4 | | | | 6 | | | | 3 |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3174 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 7 | 9 | 1 | 4 | 2 | 8 | 6 |
| 9 | 4 | 1 | 2 | 6 | 8 | 7 | 5 | 3 |
| 6 | 2 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 4 |
| 7 | 5 | 6 | 1 | 4 | 3 | 9 | 2 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 9 | 2 | 6 | 7 | 1 |
| 2 | 1 | 9 | 7 | 8 | 6 | 4 | 3 | 5 |
| 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 9 |
| 8 | 6 | 2 | 4 | 3 | 9 | 5 | 1 | 7 |
| 3 | 9 | 5 | 6 | 7 | 1 | 8 | 4 | 2 |



बालीगंज

# कोलकाता के कई इलाकों में अब भी जलभराव, आम जनता परेशान

**कोलकाता, समाज्ञा :** रिकॉर्ड बारिश के 24 घंटे से ज़्यादा समय बाद भी, बुधवार को कोलकाता के कई इलाकों में जलभराव बना रहा। मूसलाधार बारिश में 10 लोगों की मौत के बाद राजधानी शहर सामान्य स्थिति में लौटने के लिए संघर्ष कर रहा है। बता दें कि गत मंगलवार को शहर के मेयर फिरहाद हकीम ने कहा था कि स्थिति सामान्य होने में कम से कम 14 घंटे लगेंगे। हालांकि, कई सड़कें अभी भी पानी में डूबी हुई हैं। जलस्तर में काफी कमी आई है और शहर के प्रमुख मार्गों से पानी कम हो गया है। कोलकाता नगर निगम (केएमसी) के अनुसार, शहर में पानी निकालने के लिए कई जगहों पर अतिरिक्त पंप लगाए गए हैं। नतीजतन, शहर की मुख्य सड़कों पर स्थिति में काफी सुधार हुआ है। हालाकि, गलियों और छोटे-मोटे इलाकों में अभी भी परेशानी बनी हुई है। कॉलेज स्ट्रीट, ठंठनिया, राजा राममोहन सरानी, केशव सेन स्ट्रीट, आनंद पालित रोड, बल्लीगंज आउटपोस्ट, वीआईपी बाजार, न्यू गरिया हाउसिंग और टैगोर पार्क में पानी जमा है।

## बारिश के पानी में मौतः पीड़ित परिवारों से फ़ोन पर बात कर ममता बनर्जी ने दिया साथ का आश्वासन



**कोलकाता :** लगातार बारिश के बाद शहर में जमा पानी मौत का कारण बन गया। मंगलवार को कोलकाता के 10 लोगों की जान चली गई। बुधवार सुबह कोलकाता नगरनिगम के मेयर व मंत्री फिरहाद हाकिम मृतकों के दो परिवारों से मिलने पहुंचे। इसी दौरान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने फ़ोन पर पीड़ित परिवारों से बात की और उन्हें हर संभव मदद व साथ का भरोसा दिया। सोमवार रात से हुई भारी बारिश के कारण मंगलवार को जादवपुर, पार्क सर्कस, तारातला, एकबालपुर, भवानीपुर सहित कई इलाकों में जलजमाव की स्थिति बन गई। यही पानी जानलेवा साबित हुआ। मोमिनपुर, नेताजी नगर, ठाकुरपुकुर समेत अलग-अलग इलाकों में मौत के मामले सामने आए। बुधवार सुबह करीब साढ़े 10 बजे हाकिम सबसे पहले मोमिनपुर निवासी जितेंद्र सिंह के घर पहुंचे और परिजनों से मुलाक़ात की। इसके बाद वे ठाकुरपुकुर गए और मृतक शुभ प्रमाणिक के परिवार से भी मिले। महापौर के फ़ोन से ही मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दोनों परिवारों से बात कर शोक संवेदना व्यक्त की और उनके साथ खड़े रहने का आश्वासन दिया।

## ममता ने स्वतंत्रता सेनानी प्रीतिलता वद्देदार को श्रद्धांजलि दी

### उन्हें 'बंगाल की वीर बेटी' बताया

**कोलकाता, समाज्ञा**

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को स्वतंत्रता सेनानी प्रीतिलता वद्देदार को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि यह राज्य 'अनगिनत तेजस्वी बेटियों' की जन्मभूमि है। इस दिन, ममता बनर्जी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में राज्य की अन्य महिला स्वतंत्रता सेनानियों जैसे मातंगिनी हाजरा, कल्पना दत्ता, बीना दास और सुनीति चौधरी का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता सेनानी और शहीद प्रीतिलता वद्देदार के बलिदान दिवस पर, मैं उन्हें अपनी हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं। मैं बंगाल की इस धरती को नमन करती हूं, जहां ऐसी वीरांगना ने जन्म लिया। केवल वे ही नहीं मातंगिनी हाजरा से लेकर कल्पना दत्ता तक, वीणा दास से लेकर सुनीति चौधरी तक हमारा बंगाल अनगिनत वीरांगनाओं की जन्मभूमि है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरा हमेशा से मानना रहा है कि बंगाल के बिना स्वतंत्रता आंदोलन सफल नहीं हो पाता। बंगाल स्वतंत्रता आंदोलन की रीढ़ है। ममता बनर्जी ने बंगाल के स्वतंत्रता सेनानियों के सम्मान में उनकी सरकार द्वारा स्थापित अलीपुर संग्रहालय का भी उल्लेख किया और कहा कि सेनानियों के एकता और सद्भाव के दृष्टिकोण को संरक्षित किया जाना चाहिए।

## कोलकाता में सामान्य स्थिति बदहाल करें केंद्र व राज्य सरकार : राहुल गांधी

❑ **कांग्रेस कार्यकर्ताओं से अपील, हर संभव करे मदद**



**नई दिल्ली/कोलकाता :** कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बुधवार को कोलकाता में भारी बारिश और बाढ़ से हुई तबाही को लेकर चिंता व्यक्त की और राज्य व केंद्र सरकार से सामान्य स्थिति बहाल करने में मदद करने का आग्रह किया है। राहुल गांधी ने अपने संदेश में बाढ़ और लगातार बारिश में अपने प्रियजनों को खोने वाले परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और कांग्रेस कार्यकर्ताओं से सभी संभव मदद करने का आह्वान किया। इस दिन, उन्होंने एक्स पर लिखा कि मेरे विचार कोलकाता और पश्चिम बंगाल के अन्य हिस्सों के लोगों के साथ हैं, जो लगातार बारिश और बाढ़ से उत्पन्न तबाही का सामना कर रहे हैं। उन परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है। मैं कांग्रेस कार्यकर्ताओं से सभी संभव मदद करने का आग्रह करता हूं और राज्य एवं केंद्र सरकार से अपील करता हूं कि वे सामान्य स्थिति बहाल करने में तेजी से कदम उठाएं।

## शुभेंदु ने मृतकों के स्वजनों को ढाई लाख रुपये देने की घोषणा

**कोलकाता, समाज्ञा :** ममता द्वारा मृतकों के स्वजनों को दो-दो लाख रुपये देने की घोषणा के बाद नेता प्रतिपक्ष व भाजपा विधायक शुभेंदु अधिकारी ने पलटवार करते हुए कहा कि मैं आपदा में मारे गए लोगों के परिवार को ढाई-ढाई लाख रुपये दूंगा। शुभेंदु ने स्थिति के लिए ममता बनर्जी को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि यह राज्य सरकार की लापरवाही का नतीजा है। शुभेंदु ने कहा कि जिन लोगों की जान चली गईं, राज्य सरकार ने उनकी कीमत महज दो लाख रुपये लगाई है। उन्होंने दावा किया कि अगर राज्य ने मौसम विभाग द्वारा जारी चेतावनियों पर अमल किया होता तो इस आपदा को टाला जा सकता था।



अम्हर्स्ट स्ट्रीट

## करंट से मौतों पर हाई कोर्ट में जनहित याचिका, मुआवजा और जांच की मांग

**कोलकाता, समाज्ञा**

ऑल इंडिया सेक्युलर फ्रंट (आईएसएफ) के विधायक नौशाद सिद्दीकी ने कोलकाता में करंट लगने से हुई मौतों के मामले को लेकर कलकत्ता हाई कोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की है। बुधवार को सिद्दीकी ने अपनी याचिका में मृतकों के परिवारों को मुआवजा देने और इस तरह की घटनाओं की लगातार पुनरावृत्ति पर उच्चस्तरीय न्यायिक जांच की मांग की है। हाई कोर्ट ने याचिका स्वीकार कर ली है और मामले की सुनवाई गुरुवार को जस्टिस सुजय पॉल और जस्टिस स्मिता दास डे की खंडपीठ के समक्ष होगी।

## स्कूल भर्ती घोटाला में मंत्री चंद्रनाथ सिन्हा को राहत, ईडी की हिरासत याचिका खारिज

❑ **अदालत का मंत्री से पूछताछ के लिए आज और कल ईडी के सामने पेशी का आदेश**



**कोलकाता, समाज्ञा :** स्कूल भर्ती घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में मंत्री चंद्रनाथ सिन्हा को बड़ी राहत मिली है। कोलकाता की विशेष पीएमएलए अदालत ने बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत याचिका खारिज कर दी। ईडी ने सिन्हा को सात दिन की कस्टडी में लेने की मांग की थी। अदालत ने मंत्री की अंतरिम जमानत को अगली सुनवाई तक बढ़ा दिया है। हालांकि, अदालत ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि सिन्हा को इस सप्ताह गुरुवार और शुक्रवार को कोलकाता स्थित ईडी दफ्तर में पूछताछ के लिए उपस्थित होना होगा और जांच एजेंसी के साथ सहयोग करना होगा। फैसले के बाद मीडिया से बातचीत में मंत्री चंद्रनाथ सिन्हा ने कहा कि मुझे देश की न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है। मैंने कोई गलत काम नहीं किया है। उल्लेखनीय है कि वे छह सितम्बर को इसी अदालत में आत्मसमर्पण कर चुके थे। उस समय अदालत ने उन्हें 10 हजार के निजी मुचलके पर अंतरिम जमानत दी थी। ईडी ने हाल ही में इस मामले में छठा पूरक आरोपपत्र दाखिल किया है। इसमें सिन्हा और उनके परिवार के खातों में वित्तीय गड़बड़ियों का उल्लेख किया गया है। आरोप है कि जनवरी 2016 से नवम्बर 2019 के बीच मंत्री और उनकी पत्नी कांतला सिन्हा के संयुक्त खाते में कुल 1.18 करोड़ नकद जमा किए गए। यह वही समय था जब कथित स्कूल भर्ती घोटाले की गतिविधियां चरम पर थीं। अदालत के आदेश के बाद अब मंत्री को अंतरिम राहत तो मिल गई है, लेकिन उन्हें ईडी के सामने पेश होकर पूछताछ का सामना करना होगा। जांच एजेंसी ने यह साफ किया है कि वह इस मामले में आगे भी पूछताछ और वित्तीय लेन-देन की पड़ताल जारी रखेगी।

# घूसकांड में फंसी महिला पुलिस अधिकारी पर एफआईआर

❑ **हाई कोर्ट की सख्ती के बाद हरकत में आया राज्य**

**कोलकाता, समाज्ञा :** हुगली जिले के तारकेश्वर थाने की महिला पुलिस अधिकारी पर घूस लेने का आरोप साबित होने के बाद अब राज्य सरकार ने कार्रवाई शुरू कर दी है। भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर दी गई है। जांच का जिम्मा डीएसपी रैंक के अधिकारी को सौंपा गया है। बुधवार को राज्य सरकार ने यह जानकारी कलकत्ता हाई कोर्ट को दी। यह मामला हाई कोर्ट की डिवीजन बेंच में न्यायमूर्ति देवांशु बसाक और न्यायमूर्ति मोहम्मद शब्बर रशीदी के समक्ष लंबित है। अदालत ने पहले ही सवाल किया था कि जब अधिकारी ने खुद घूस मांगने की बात स्वीकार की है, तो केवल शो-कॉज नोटिस देकर कार्रवाई पूरी कैसे मानी जा सकती है। कोर्ट ने साफ टिप्पणी की कि ऐसी स्थिति में पहले ही सख्त कदम उठाए जाने चाहिए थे।

दरअसल, तारकेश्वर के एक इंजीनियर बिल्टू हाजरा ने अपने पड़ोसी से विवाद का मामला दर्ज कराने के लिए पुलिस से संपर्क किया था। उनका आरोप है कि पुलिस ने शिकायत पर कार्रवाई नहीं की, बल्कि उल्टा उन्हें ही झूठे केस में फंसा दिया गया। इसी बीच एक ऑडियो रिकॉर्डिंग सामने आई, जिसमें तारकेश्वर थाने की महिला पुलिस अधिकारी मोटी रकम की घूस मांगती हुई कथित तौर पर सुनी जा रही हैं। इसी घटना को लेकर इंजीनियर ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। पहले यह मामला सिंगल बेंच में था, बाद में डिवीजन बेंच को सौंपा गया। पिछले हफ्ते ही अदालत ने राज्य से पूछा था कि भ्रष्टाचार निवारण कानून के तहत कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है और शो-कॉज नोटिस में घूस का जिक्र क्यों नहीं है। अदालत ने यह भी कहा था कि आरोपित अधिकारी को तत्काल नौकरी से बर्खास्त किया जाना चाहिए ताकि लोगों का पुलिस पर विश्वास बना रहे। राज्य ने अदालत को बताया कि विभागीय जांच भी शुरू की गई है और अब एफआईआर दर्ज कर कानूनी जांच प्रक्रिया भी चालू हो गई है। इस मामले की अगली सुनवाई गुरुवार को होगी।

## 11 लोगों की मौत के बावजूद डांडिया खेल में व्यस्त रहीं ममता : सुकांत मजूमदार

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता में भारी बारिश और जलजमाव के बीच करंट से 11 लोगों की मौत के बाद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के आचरण को लेकर भाजपा ने तीखा हमला बोला है। प्रदेश भाजपा के पूर्व अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री डॉ. सुकांत मजूमदार ने कहा कि प्रशासन और नगर निगम की घोर लापरवाही से निर्दोष लोगों की जान गई, लेकिन मुख्यमंत्री ने न तो जनता से माफी मांगी और न ही शोक संवेदना व्यक्त की। इसके बजाय अगले ही दिन वह हंसते हुए डांडिया खेल में शामिल हो गईं। डॉ. मजूमदार ने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार की अयोग्यता, भ्रष्टाचार और उदासीनता ने कई परिवारों से उनके अपनों को छीन लिया। तृणमूल सरकार की लापरवाही और भ्रष्टाचार ने उनकी जिंदगी छीन ली।

## अलीपुर चिड़ियाघर से बाढ़ के कारण बाहर निकले दो मगरमच्छ, एक घंटे बाद वापस अंदर डाले गए

**कोलकाता, समाज्ञा :** अलीपुर प्राणी संग्रहालय में गत मंगलवार को भारी बारिश के कारण पानी भर गया जिसके बाद दो मगरमच्छ अपने बाड़े से बाहर निकल गए, जिन्हें एक घंटे बाद वापस अंदर डाल दिया गया। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। मंगलवार को कोलकाता में रिकॉर्ड बारिश के बाद जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया और सड़कों तथा घरों में पानी भर गया। इस दौरान चिड़ियाघर के कर्मचारी अन्य जानवरों के बाड़ों और पिंजरों का जब निरीक्षण कर रहे थे, उसी समय उन्होंने इन सरीसृपों को देखा। एक अधिकारी ने बताया कि चिड़ियाघर के कर्मचारी 16 अन्य मगरमच्छों को बाड़े के अंदर रखने में कामयाब रहे, लेकिन दो अन्य मगरमच्छों को पकड़ने में उन्हें खासी मशक्कत करनी पड़ी। एक घंटे बाद, वे जाल की मदद से उन्हें वापस बाड़े के अंदर डालने में कामयाब रहे। उन्होंने कहा कि मगरमच्छों के चिड़ियाघर क्षेत्र से बाहर निकलने की कोई संभावना नहीं है, क्योंकि चिड़ियाघर से जुड़े टॉली नाले के मुंहाने पर जाल लगा हुआ है। अधिकारी ने बताया कि चिड़ियाघर के अधिकारियों को दरियाई घोड़े, बाघ, जिराफ और अन्य जानवरों के बाड़ों से पानी निकालने के लिए कई पंप का उपयोग करना पड़ा।

## बारासात कोर्ट परिसर में वकीलों ने पुलिस पर किया हमला, एक एएसआई गंभीर

### पुलिस ने स्वतः संज्ञान लेते हुए तीन वकीलों के खिलाफ दर्ज किया मामला

**कोलकाता, समाज्ञा**



उत्तर 24 परगना जिले के बारासात कोर्ट परिसर में वकीलों के एक समूह और पुलिस के बीच हिंसक झड़प हो गई। इस दौरान वकीलों के हमले में पुलिस के एक एएसआई का सिर फट गया। गंभीर हालत में एएसआई को बारासात मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। घटना मंगलवार की शाम की है। इस घटना में एक पत्रकार भी घायल हो गया। घटना का सूत्रपात जिले के दत्त-पुकुर इलाके में सोमवार को एक वकील पर हमला करने के मामले में गिरफ्तार आरोपितों की कोर्ट में पेशी के दौरान हुआ। पेशी के बाद अदालत के निर्देश पर जब तीनों आरोपितों को पुलिस वैन में बिठाकर ले जाया जा रहा था, तभी वकीलों के एक समूह ने उन पर हमला कर दिया। जब पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश की तभी वकीलों के साथ उनकी झड़प हो गई। पुलिस ने स्वतः संज्ञान लेते हुए तीन वकीलों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इस घटना के बाद वकीलों की शिकायत पर पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार लोगों को मंगलवार को बारासात कोर्ट में पेश किया गया। न्यायाधीश ने गिरफ्तार लोगों को सात दिन की पुलिस हिरासत में भेजने का आदेश दिया। गिरफ्तार लोगों को जेल वैन में जब ले जाया जा रहा था, तभी वकीलों के एक वर्ग ने उन पर हमला कर दिया, जिसके बाद तनाव फैल गया।





### ब्लू लाइन

पंचमी (27.09.2025, शनिवार) को 262 ट्रेनें, षष्ठी (28.09.2025, रविवार), सप्तमी ( 29.09.2025, सोमवार), अष्टमी (30.09.2025, मंगलवार) और नवमी ( 01.10.2025, बुधवार) को 246 ट्रेनें (प्रत्येक दिन), दशमी (02.10.2025, बृहस्पतिवार) को 132 ट्रेनें।

| पूजा का दिन | तारीख | समय | अंतराल | ट्रेनों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| पंचमी | 27.09.2025 | सुबह 8.00 बजे से रात 11.00 बजे तक | न्यूनतम 6 मिनट, अधिकतम 7 मिनट | 262 (131 अप + 131 डाउन) |
| षष्ठी | 28.09.2025 | सुबह 9.00 बजे से रात 11.00 बजे तक | न्यूनतम 6 मिनट, अधिकतम 7 मिनट | 246 (123 अप + 123 डाउन) |
| सप्तमी | 29.09.2025 | दोपहर 1.00 बजे से प्रातः 4.00 बजे तक | न्यूनतम 6 मिनट, अधिकतम 7 मिनट | 246 (123 अप + 123 डाउन) |
| अष्टमी | 30.09.2025 | दोपहर 1.00 बजे से प्रातः 4.00 बजे तक | न्यूनतम 6 मिनट, अधिकतम 7 मिनट | 246 (123 अप + 123 डाउन) |
| नवमी | 01.10.2025 | दोपहर 1.00 बजे से प्रातः 4.00 बजे तक | न्यूनतम 6 मिनट, अधिकतम 7 मिनट | 246 (123 अप + 123 डाउन) |
| दशमी | 02.10.2025 | दोपहर 1.00 बजे से रात 10.00 बजे तक | 8 मिनट | 132 (66 अप + 66 डाउन) |

### ग्रीन लाइन

पंचमी (27.09.2025, शनिवार) को 225 ट्रेनें, षष्ठी (28.09.2025, रविवार) को 184 ट्रेनें, सप्तमी ( 29.09.2025, सोमवार), अष्टमी (30.09.2025, मंगलवार) और नवमी ( 01.10.2025, बुधवार) को 192 ट्रेनें (प्रत्येक दिन), दशमी (02.10.2025, बृहस्पतिवार) को 74 ट्रेनें।

| पूजा का दिन | तारीख | समय | अंतराल | ट्रेनों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| पंचमी | 27.09.2025 | अप (सुबह 7.30 बजे से रात 11.00 बजे तक) एवं डाउन (सुबह 7.44 बजे से रात 11.16 बजे तक) | न्यूनतम 6 मिनट, अधिकतम 15 मिनट | 225 (114 अप + 111 डाउन) |
| षष्ठी | 28.09.2025 | अप (सुबह 9.00 बजे से रात 11.28 बजे तक) एवं डाउन (सुबह 9.02 बजे से रात 11.20 बजे तक) | न्यूनतम 8 मिनट, अधिकतम 15 मिनट | 184 (92 अप + 92 डाउन) |
| सप्तमी | 29.09.2025 | अप (दोपहर 1.30 बजे से प्रातः 4.06 बजे तक) एवं डाउन (दोपहर 1.34 बजे से प्रातः 4.18 बजे तक) | न्यूनतम 8 मिनट, अधिकतम 20 मिनट | 192 (97 अप + 95 डाउन) |
| अष्टमी | 30.09.2025 | अप (दोपहर 1.30 बजे से प्रातः 4.06 बजे तक) एवं डाउन (दोपहर 1.34 बजे से प्रातः 4.18 बजे तक) | न्यूनतम 8 मिनट, अधिकतम 20 मिनट | 192 (97 अप + 95 डाउन) |
| नवमी | 01.10.2025 | अप (दोपहर 1.30 बजे से प्रातः 4.06 बजे तक) एवं डाउन (दोपहर 1.34 बजे से प्रातः 4.18 बजे तक) | न्यूनतम 8 मिनट, अधिकतम 20 मिनट | 192 (97 अप + 95 डाउन) |
| दशमी | 02.10.2025 | अप (दोपहर 1.30 बजे से रात 10.30 बजे तक) एवं डाउन (दोपहर 1.32 बजे से रात 10.32 बजे तक) | 15 मिनट | 74 (37 अप + 37 डाउन) |

### येलो लाइन

पंचमी (27.09.2025, शनिवार) एवं षष्ठी (28.09.2025, रविवार) को 60 ट्रेनें (प्रत्येक दिन), सप्तमी ( 29.09.2025, सोमवार), अष्टमी (30.09.2025, मंगलवार) और नवमी ( 01.10.2025, बुधवार) को 62 ट्रेनें (प्रत्येक दिन), दशमी (02.10.2025, बृहस्पतिवार) को 50 ट्रेनें।

| पूजा का दिन | तारीख | समय | अंतराल | ट्रेनों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| पंचमी | 27.09.2025 | डाउन (अपराह्न 3.00 बजे से रात 10.15 बजे तक) एवं अप (अपराह्न 3.25 बजे से रात 10.35 बजे तक) | 15 मिनट | 60 (30 अप + 30 डाउन) |
| षष्ठी | 28.09.2025 | डाउन (अपराह्न 3.00 बजे से रात 10.15 बजे तक) एवं अप (अपराह्न 3.25 बजे से रात 10.35 बजे तक) | 15 मिनट | 60 (30 अप + 30 डाउन) |
| सप्तमी | 29.09.2025 | डाउन (अपराह्न 3.00 बजे से रात 10.30 बजे तक) एवं अप (अपराह्न 3.25 बजे से रात 10.50 बजे तक) | 15 मिनट | 62 (31 अप + 31 डाउन) |
| अष्टमी | 30.09.2025 | डाउन (अपराह्न 3.00 बजे से रात 10.30 बजे तक) एवं अप (अपराह्न 3.25 बजे से रात 10.50 बजे तक) | 15 मिनट | 62 (31 अप + 31 डाउन) |
| नवमी | 01.10.2025 | डाउन (अपराह्न 3.00 बजे से रात 10.30 बजे तक) एवं अप (अपराह्न 3.25 बजे से रात 10.50 बजे तक) | 15 मिनट | 62 (31 अप + 31 डाउन) |
| दशमी | 02.10.2025 | डाउन (अपराह्न 3.00 बजे से रात 9.00 बजे तक) एवं अप (अपराह्न 3.25 बजे से रात 9.20 बजे तक) | 15 मिनट | 50 (25 अप + 25 डाउन) |

### पर्पल लाइन

पंचमी (27.09.2025, शनिवार), षष्ठी (28.09.2025, रविवार), सप्तमी ( 29.09.2025, सोमवार), अष्टमी (30.09.2025, मंगलवार), नवमी (01.10.2025, बुधवार) एवं दशमी (02.10.2025, बृहस्पतिवार) को 38 ट्रेनें (प्रत्येक दिन)।

| पूजा का दिन | तारीख | समय | अंतराल | ट्रेनों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| पंचमी से दशमी | 27.09.2025 से 02.10.2025 | अप (अपराह्न 3.00 बजे से रात 10.30 बजे तक) एवं डाउन (अपराह्न 3.25 बजे से रात 10.55 बजे तक) | 25 मिनट | 38 (19 अप + 19 डाउन) |

27.09.2025 (शनिवार) से 02.10.2025 (बृहस्पतिवार) तक **ऑरेंज लाइन** पर मेट्रो ट्रेन की **कोई सेवा उपलब्ध नहीं होगी।**

**मेट्रो रेलवे**
कोलकाता

कृपया हमें यहाँ देखें :
/metrorailwaykol /metrorailkolkata /metro_rly
/MetroRailwayKolkata Visit Us at : www.mtp.indianrailways.gov.in
GET IT ON Google Play | Download on the App Store
Aamar Kolkata Metro (App)
Android & IOS पर उपलब्ध है



# प्राथमिक टेट 2023 की अंतिम उत्तरपुस्तिका जारी, परिणाम इसी आधार पर घोषित होगा

**कोलकाता :** लंबे इंतज़ार के बाद आखिरकार 2023 के प्राथमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (टेट) की अंतिम उत्तरपुस्तिका जारी कर दी गई। बुधवार शाम 4 बजे के बाद पश्चिम बंगाल प्राथमिक शिक्षा परिषद की आधिकारिक वेबसाइट पर इसे प्रकाशित किया गया।

गौरतलब है कि यह परीक्षा 24 दिसंबर 2023 को पूरे राज्य में आयोजित हुई थी। लगभग 2 साल 9 महीने बाद परिषद ने अंतिम उत्तरपुस्तिका सार्वजनिक की है।

परिषद की ओर से जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि विषय विशेषज्ञ समिति ने परीक्षार्थियों द्वारा दर्ज की गई सभी आपत्तियों का गहन परीक्षण किया। इन्हीं निष्कर्षों के आधार पर यह अंतिम उत्तरपुस्तिका तैयार की गई है।

परिषद ने स्पष्ट किया है कि अब इस उत्तरपुस्तिका पर कोई और आपत्ति स्वीकार नहीं की जाएगी। जिन अभ्यर्थियों की आपत्तियाँ अनुचित पाई गईं, उनकी फीस वापस नहीं की जाएगी। वहीं, जिनकी आपत्तियाँ सही पाई गई हैं, उन्हें फीस एनईएफटी के माध्यम से लौटाई जाएगी।

यही उत्तरपुस्तिका आगे चलकर टीईटी 2023 का परिणाम घोषित करने का आधार बनेगी।

### टेट अभ्यर्थियों के प्रदर्शन से बारासात में हंगामा, तृणमूल नेताओं की गाड़ी फंसी

**कोलकाता, समाज्ञा : बुधवार को जहां 2023 का टेट परिणाम जारी हुआ, उसी दिन 2022 टेट के सफल अभ्यर्थियों ने बारासात में जोरदार प्रदर्शन किया। स्थिति तब और तनावपूर्ण हो गई जब अभ्यर्थियों ने टीएमसी सांसद सौगत राय और पानिहाटी विधायक निर्मल घोष की गाड़ी को घेरकर विरोध प्रदर्शन किया। अभ्यर्थियों का आरोप है कि राज्य के शिक्षा मंत्री ब्रात्य बसु ने कुछ सप्ताह पहले वादा किया था कि जल्द ही भर्ती अधिसूचना निकाली जाएगी। लेकिन 15 दिन बीत जाने के बाद भी कुछ नहीं हुआ। इसी के विरोध में उम्मीदवारों ने बुधवार को बारासात स्टेशन से जुलूस निकाला और जेसोर रोड पर बैठकर प्रदर्शन किया। इस वजह से लगभग एक घंटे तक सड़क जाम रही। विरोध प्रदर्शन के चलते सांसद सौगत राय और विधायक निर्मल घोष की गाड़ी को भी लगभग 20-25 मिनट तक वहीं फंसा रहना पड़ा। उम्मीदवारों की एक ही मांग थी कि हमें तुरंत नियुक्ति दी जाए और शिक्षा मंत्री अपना वादा पूरा करें।**

# बेटी के सामने पत्नी को जलाकर मार डाला, शराबी पति को आजीवन कारावास की सजा

❑ **प्रत्यक्षदर्शी नाबालिग बेटी की गवाही के आधार पर दोषसिद्धि**

**कोलकाता, समाज्ञा :** मध्यमग्राम के नंदनकानन बेलतला इलाके में एक शराबी पिता ने बेटी के सामने उसकी मां को जलाकर मार दिया था। अदालत ने प्रत्यक्षदर्शी नाबालिग बेटी की गवाही के आधार पर पिता को दोषी पाया और बुधवार को बारासात अदालत ने उसे सश्रम कारावास की सजा सुनाई। दोषी का नाम रिपन दास (37) है। हत्या के अलावा पत्नी को प्रताड़ित करने के मामले में भी अलग से सजा का ऐलान किया गया है। सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी। उल्लेखनीय है कि रिपन दास मध्यमग्राम के नंदनकानन बेलतला का निवासी है। उसका अपनी मृत पत्नी पिंकी दास के साथ आए दिन घरेलू विवाद होता था। 11 अप्रैल, 2017 को पिंकी ने अपने पति से सिलेंडर लाने को कहा क्योंकि घर में रसोई गैस खत्म हो गई थी। लेकिन, रिपन ने उसकी बात नहीं मानी। इससे दंपति के बीच अशांति फैल गई। कथित तौर पर, रिपन रात में शराब पीकर घर लौटा और इस बात को लेकर फिर से झगड़ा हुआ। इस अशांति के बीच, रिपन ने अपनी पत्नी को पीटा, उस पर मिट्टी का तेल डाला और उसे आग लगा दी। पूरी घटना दंपति की आठ साल की बेटी ने देखी। जली हुई गृहिणी की चीखें सुनकर पड़ोसियों ने उसे बारासात अस्पताल पहुंचाया। वहां से उसे कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। अगले दिन 12 अप्रैल को गृहिणी की मृत्यु हो गई। मृतका की मां ने मध्यमग्राम थाने में शिकायत दर्ज कराई और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। यह मामला बारासात कोर्ट के फास्ट ट्रैक 1 कोर्ट में दायर किया गया था। मृतक की बेटी इस मामले में 18 गवाहों में से एक थी। 8 साल के लंबे मामले के बाद, न्यायाधीश पराग नियोगी ने मंगलवार को रिपन को दोषी पाया। इस दिन, उसकी सजा का ऐलान किया गया। सरकारी वकील श्यामलकांति दत्ता ने बताया कि हत्या के मामले में दोषी को सश्रम आजीवन कारावास और 5,000 रुपये जुर्माने की सज़ा सुनाई गई है, जबकि गृहिणी प्रताड़ना मामले में उसे 3 साल की कैद और 1,000 रुपये जुर्माने की सज़ा सुनाई गई है। अदा न करने पर उसे 6 महीने की अतिरिक्त जेल की सज़ा सुनाई जाएगी। सभी सज़ाएं साथ-साथ चलेंगी।

### एथर एनर्जी के पास भारत में 500 से अधिक एक्सपीरियंस सेंटर हुए

**कोलकाता :** भारत में प्रमुख इलेक्ट्रिक स्कूटर निर्माता, एथर एनर्जी लिमिटेड के पास भारत में 500 से अधिक एक्सपीरियंस सेंटर (ईसी) हो गए हैं। एथर ने पिछले कुछ महीनों देश में बहुत तेजी से विस्तार किया है। कंपनी अपना ध्यान मुख्यतः मध्य भारत और उत्तर भारत पर केंद्रित कर रही है। इस विस्तार का उद्देश्य ग्राहकों के बीच कंपनी के इलेक्ट्रिक स्कूटरों, खासकर एथर के पहले फैमिली स्कूटर, रिज़्टा की बढ़ती मांग को पूरा करना है। इस उपलब्धि के बारे में रवनीत सिंह फोकेला, चीफ बिज़नेस ऑफिसर, एथर एनर्जी लिमिटेड ने कहा, ''500 एक्सपीरियंस सेंटर तक पहुँचना हमारे लिए एक बड़ी उपलब्धि है। हम विभिन्न बाजारों में बढ़ती मांग के अनुरूप लगातार अपना विस्तार कर रहे हैं। दक्षिण भारत में हमारी स्थिति सबसे अधिक मजबूत है।''

## आरपीएफ ने बनगांव रेलवे स्टेशन से बांग्लादेशी नागरिक को पकड़ा



**कोलकाता, समाज्ञा :** सियालदह डिवीजन के बनगांव पोस्ट के आरपीएफ अधिकारियों ने 23 सितंबर को ऑपरेशन रेल प्रहरी के तहत बनगांव रेलवे स्टेशन से एक बांग्लादेशी नागरिक फहीमा बीबी (20) और एक भारतीय महिला कनिका बाला (55) को गिरफ्तार किया गया। जांच के दौरान फहीमा बीबी ने स्वीकार किया कि वह तीन दिन पहले गिरफ्तार कनिका बाला की मदद से अवैध रूप से भारत-बांग्लादेश सीमा पार कर चुकी थी। आरोपियों का उद्देश्य बनगांव रेलवे स्टेशन से होकर हावड़ा स्टेशन तक यात्रा करना था। दोनों को तुरंत बनगांव के जीआरपीएस को सौंपा गया और विदेशी अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया।

## एनसीसी के एडीजी ने महाराष्ट्र के मंत्री से की शिष्टाचार मुलाकात

❑ **मंत्री ने प्रशिक्षण शिविरों के लिए एनसीसी को भूमि के शीघ्र आवंटन का दिया आश्वासन**

❑ **एडीजी ने मंत्री को राज्य में एनसीसी के विस्तार व हालिया पहलों के बारे में दी जानकारी**



**कोलकाता :** एनसीसी के महाराष्ट्र निदेशालय के अपर महानिदेशक (एडीजी) मेजर जनरल विवेक त्यागी ने मंगलवार को मुंबई स्थित मंत्रालय में राज्य के खेल एवं युवा मामलों के मंत्री माणिकराव कोकाटे से शिष्टाचार मुलाकात की। एडीजी ने राज्य सरकार और मंत्रालय द्वारा निरंतर समर्थन के लिए आभार व्यक्त करते हुए मंत्री को राज्य में चल रहे एनसीसी विस्तार सहित हालिया पहलों पर जानकारी दी, जिससे राज्य में कैडेट की संख्या बढ़कर 1,21,878 हो गई है। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव अनिल दिग्गीकर सहित मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे, जिसमें पूरे महाराष्ट्र में युवा सशक्तीकरण की प्रभावशीलता बढ़ाने के उपायों पर व्यापक चर्चा हुई। एनसीसी महाराष्ट्र निदेशालय के अधिकारियों ने बताया कि मंत्री ने बहुत सकारात्मकता का परिचय देते हुए मुंबई के निकट कैडेटों के प्रशिक्षण शिविरों के लिए भूमि/बुनियादी ढांचे के शीघ्र आवंटन का आश्वासन दिया। उन्होंने युवा बालक-बालिकाओं के देश के ज़िम्मेदार नागरिक बनने का श्रेय एन-सीसी के परिश्रमपूर्वक परिकल्पित और क्रियान्वित प्रशिक्षण को दिया। उन्होंने कैडेटों और समस्त एनसीसी बिरादरी से राष्ट्र निर्माण व 2047 तक विकसित भारत के लिए अपने प्रयासों को जारी रखने का आह्वान किया।

### बी. दिनेश कुमार ने 'मिस्टर बिलासपुर- 2025' का खिताब जीता



**बिलासपुर/कोलकाता :** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे (एसआसीआर) के ऑपरेटिंग विभाग में स्टेनोग्राफर के रूप में कार्यरत बी. दिनेश कुमार ने हाल ही में आयोजित प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 'मिस्टर बिलासपुर-2025' का खिताब जीतकर संस्था एवं शहर का नाम गौरवान्वित किया है। यह प्रतिष्ठित कार्यक्रम 'छिन्हारी मॉडल्स, छत्तीसगढ़' द्वारा आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता में पूरे छत्तीसगढ़ से अनेक मॉडल्स ने भाग लिया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच बी. दिनेश कुमार ने अपने आत्मविश्वास, व्यक्तित्व एवं मंच पर उत्कृष्ट प्रस्तुति के दम पर यह खिताब अपने नाम किया। उनकी यह उपलब्धि न केवल बिलासपुर के लिए गर्व का विषय है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के कर्मचारी अपने पेशेवर कार्यों के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों में भी उल्लेखनीय सफलता हासिल कर रहे हैं।

### पूर्व रेलवे में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का आयोजन



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने 23 सितंबर को स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का सक्रिय रूप से आयोजन किया। यह अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक पूरे देश में चल रहा है। अभियान के तहत सभी डिवीजन और वर्कशॉप्स में महिला स्वास्थ्य शिविर, जागरूकता सत्र और मेडिकल जांच कार्यक्रम आयोजित किए गए ताकि महिलाओं के स्वास्थ्य और सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया जा सके। हावड़ा डिवीजन में रामपुरहाट हेल्थ यूनिट में शिविर आयोजित किया गया, जिसमें 36 महिलाओं ने भाग लिया और तीन डॉक्टरों ने उच्च रक्तचाप, डायबिटीज और एनीमिया के मामलों का पता लगाया। सियालदह डिवीजन में बी.आर. सिंह अस्पताल में एनीमिया जांच और सर्वाइकल कैंसर जागरूकता सत्र आयोजित किए गए। आसनसोल, मालदह, कांचरापाड़ा और लिलुआ वर्कशॉप्स में भी महिला स्वास्थ्य शिविर, गर्भधारण जांच, टीकाकरण और इंटरैक्टिव सत्र आयोजित किए गए।

## मेट्रो स्मार्ट कार्ड हुआ सस्ता, 10 साल तक बढ़ी वैधता

**कोलकाता, समाज्ञा :** मेट्रो यात्रियों के लिए खुशखबरी! मेट्रो स्मार्ट कार्ड अब सस्ते दरों पर उपलब्ध होंगे और उनकी वैधता भी बढ़ाकर 10 वर्ष कर दी गई है। स्मार्ट कार्ड को लोकप्रिय बनाने के लिए व्यावसायिक नियमों में कई आकर्षक बदलाव किए गए हैं, जो 25 सितंबर 2025 से लागू होंगे। इस महीने ही 50,000 से अधिक स्मार्ट कार्ड बेचे जा चुके हैं। नए नियमों के अनुसार, स्मार्ट कार्ड का रिफंडेबल सिक्योरिटी डिपॉजिट 80 की जगह अब 50 कर दिया गया है। वहीं, कार्ड की न्यूनतम कीमत 150 से घटाकर 100 कर दी गई है, जिसमें 50 सिक्योरिटी डिपॉजिट और 52 राइड वैल्यू (2 बोनस सहित) शामिल है। इसके अलावा, अब कार्ड की वैधता एक वर्ष के बजाय 10 वर्ष होगी। मौजूदा कार्ड भी रिचार्ज के समय स्वतः 10 साल के लिए मान्य हो जाएंगे। नए जारी कार्ड की वैधता उनकी पहली स्वाइप तिथि से गिनी जाएगी, न कि जारी होने की तारीख से। रिचार्ज पर 5% बोनस पहले की तरह जारी रहेगा। स्मार्ट कार्ड एएससीआरएम मशीनों और बुकिंग काउंटरों से जारी किए जाएंगे तथा इन्हें ऑनलाइन, एएससीआरएम मशीनों और बुकिंग ऑफिसों से रिचार्ज किया जा सकेगा। 'आमार मेट्रो कोलकाता' ऐप के जरिए टिकट बुक करने पर भी यात्रियों को 5% की छूट मिलती रहेगी।



**हिंदू महासभा सार्वजनिन दुर्गा पूजा पंडाल का उद्घाटन तृतीया की शाम अध्यक्ष पार्षद राजेश सिन्हा ने किया। इस मौके पर कई गणमान्य उपस्थित रहे। पूजा पंडाल में मां दुर्गा व अन्य देवी-देवता राफेल पर सवार होकर असुरों का वध करतीं दिखेंगी।**

## कोलकाता मेट्रो रेल के नए महाप्रबंधक बने शुभ्रांशु शेखर मिश्रा



**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता मेट्रो रेल ने बुधवार को अपने नए महाप्रबंधक के रूप में शुभ्रांशु शेखर मिश्रा की नियुक्ति की घोषणा की। वे इस पद पर मिलिंद के. देउस्कर का स्थान ले रहे हैं। इससे पहले, श्री मिश्रा रेल कोच फैक्ट्री, कपूरथला के महाप्रबंधक के पद पर कार्यरत थे। आईआईटी चेन्नई से स्नातकोत्तर की डिग्री धारक श्री मिश्रा भारतीय रेलवे सेवा (मैकेनिकल इंजीनियर्स) के 1988 बैच के अनुभवी अधिकारी हैं। उनके पास भारतीय रेलवे में 35 वर्षों से अधिक का अनुभव है और उन्होंने विभिन्न क्षेत्रीय रेलवे, उत्पादन इकाइयों और आरवीएनएल में महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है।

मिश्रा ने चेन्नई की इंटीग्रल कोच फैक्ट्री में प्रिंसिपल चीफ मैकेनिकल इंजीनियर, लातूर/आईसीएफ में चीफ एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर, सिकंदराबाद में चीफ रोलिंग स्टॉक इंजीनियर और भुवनेश्वर, विशाखापत्तनम, खड़गपुर डिवीजन सहित अन्य प्रमुख पदों पर अपनी सेवाएं दी हैं। उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए उन्हें कई पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। उन्होंने देशभर में रोलिंग स्टॉक के संचालन, रखरखाव, विकास और निर्यात के क्षेत्र में अहम भूमिका निभाई है।

## स्वच्छता ही सेवा 2025: हावड़ा डिवीजन का डोर-टू-डोर जागरूकता अभियान



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा डिवीजन ने स्वच्छता ही सेवा 2025 के तहत हावड़ा, वर्दवान, आजिमगंज, बंडेल, कटवा, रामपुरहाट, बोलपुर, बामनगाछी और पाकुड़ सहित प्रमुख स्टेशनों पर डोर-टू-डोर जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान रेलवे अधिकारियों, कर्मचारियों और स्वयंसेवकों ने यात्रियों, दुकानदारों, फेरीवालों और स्थानीय निवासियों से सीधा संवाद किया। उन्हें स्वच्छता, कचरा पृथक्करण, सिंगल-यूज प्लास्टिक में कमी और रीसाइक्लिंग के महत्व से अवगत कराया गया। माय स्टेशन, माय रिस्पॉन्सिबिलिटी के नारे के साथ लोगों को अपने परिवेश की साफ-सफाई बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। सूचना पत्रक वितरण और जागरूकता वार्ताओं से अभियान में व्यापक सामुदायिक भागीदारी सुनिश्चित हुई। हावड़ा डिवीजन ने साफ, हरित और पर्यावरण-अनुकूल स्टेशनों के निर्माण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई, जो भारतीय रेल की सतत विकास और जीरो वेस्ट की परिकल्पना के अनुरूप है।

### कर्ज न चुका पाने पर महिला पर किडनी बेचने का दबाव, जांच शुरू

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के जगतबल्लभपुर थाना की पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। आरोप है कि ग्रुप लोन का भुगतान न कर पाने के कारण एक महिला और उसके परिवार पर किडनी बेचने का दबाव बनाया गया। डर और आतंक के कारण महिला और उसके परिवार को घर छोड़ना पड़ा। जानकारी के अनुसार, शिकायतकर्ता महिला हावड़ा के जगतबल्लभपुर की निवासी हैं। उन्होंने व्यवसाय के लिए ग्रुप लोन लिया था, लेकिन व्यवसाय में लाभ नहीं हो सका और वह ऋण का भुगतान समय पर नहीं कर पाईं। इसी बीच, ऋण चुकाने का दबाव बढ़ता गया, जिससे महिला और उनके परिवार के सदस्य मानसिक तनाव में आ गए। शिकायत के अनुसार, ऋणदाता में से एक ने महिला को किडनी बेचकर ऋण चुकाने की सलाह दी। आरोप यह भी है कि महिला को हावड़ा के एक निजी अस्पताल के साथ संपर्क कर किडनी बेचने की व्यवस्था तक कर दी गई। हालांकि महिला किडनी बेचने के लिए तैयार नहीं थीं। महिला के मना करने पर ऋणदाताओं ने उनके घर पर हमला भी किया। इसके बाद महिला और उनका परिवार अपनी सुरक्षा के लिए पुलिस के पास पहुंचा। पुलिस इस मामले में यह भी जांच कर रही है कि कहीं इस घटना का किडनी तस्करी से कोई संबंध तो नहीं है।

## कोणार्क सूर्य मंदिर से प्रेरित पंडाल के साथ नवयुवक सुधार संघ का 73वां दुर्गा पूजा महोत्सव

❑ **स्थान – रामेश्वर मालिया लेन**
❑ **पूजा थीम – कोणार्क कालचक्र**
❑ **चेयरमैन – अधवेश नारायण सिंह**
❑ **अध्यक्ष – अनिल कुमार चौबे**
❑ **सचिव – मनोज कुमार जायसवाल**
❑ **कोषाध्यक्ष – डीएन सिंह, गौतम चौधरी**
❑ **कार्यकारिणी सदस्य – अनिल सिंह**

**सरीता सोरेन**



**कोलकाता, समाज्ञा :** दुर्गा पूजा का पर्व केवल धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक और सामाजिक धरोहर का प्रतीक है। हर साल यह पर्व न केवल मां दुर्गा की आराधना का अवसर होता है, बल्कि समाजसेवा, कला और संस्कृति के विभिन्न पहलुओं का भी मंच प्रस्तुत करता है। इस पावन अवसर पर नवयुवक सुधार संघ अपनी 73वीं दुर्गा पूजा के आयोजन के लिए तैयार है, जो इस वर्ष और भी भव्य और सामाजिक जिम्मेदारी के साथ मनाया जाएगा।

❑ **परिचय**

नवयुवक सुधार संघ द्वारा आयोजित यह 73वां दुर्गा पूजा महोत्सव है। हर वर्ष की तरह इस साल भी पूजा के दौरान विभिन्न सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रम आयोजित किए गए। विशेष रूप से रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर और नेत्र जांच शिविर इस आयोजन का अभिन्न हिस्सा हैं। इस वर्ष 17 अगस्त को इन शिविरों का आयोजन किया गया, जिसमें करीबन 150 जरूरतमंदों को चश्मे वितरित किए गए। पिछले दस वर्षों से यह परंपरा लगातार जारी है। इसके अलावा, 25 सितंबर को जरूरतमंदों के बीच वस्त्र वितरण कार्यक्रम भी किया जाएगा, जो सामाजिक सद्भाव और सहयोग का प्रतीक है।

❑ **पूजा का विवरण**

इस वर्ष नवयुवक सुधार संघ की दुर्गा पूजा 26 सितंबर को भव्य उद्घाटन समारोह के साथ शुरू होगी, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मंत्री अरूप राय उद्घाटन करेंगे। इस बार पूजा का बजट लगभग 20 लाख रुपये निर्धारित किया गया है, जो इसकी भव्यता और सामाजिक पहलू दोनों को दर्शाता है।

❑ **पूजा थीम व विशेष प्रस्तुति**

इस वर्ष का पंडाल ओडिशा के प्रसिद्ध कोणार्क सूर्य मंदिर से प्रेरित है और इसका केंद्रबिंदु कोणार्क कालचक्र को बनाया गया है। इस कालचक्र को देखकर आगंतुक समय की निरंतर गति, जीवन के चक्र और ब्रह्मांड के संतुलन को महसूस कर सकेंगे। पंडाल में 24 आरे का प्रतीकात्मक उपयोग किया गया है, जो 24 घंटे के शाश्वत प्रवाह को दर्शाता है। इसके माध्यम से जीवन के सृजन, पालन और संहार के चक्र और मां दुर्गा की शक्ति का प्रतीक प्रस्तुत किया गया है।

पूजा में धर्मचक्र के माध्यम से न्याय, सत्य और धर्म का संदेश दिया जाएगा, जबकि शक्ति और प्रगति के तत्व दर्शकों को ऊर्जा, गति और सहनशीलता की प्रेरणा देंगे। पंडाल की सज्जा और मूर्ति के रंग, बनावट और प्रकाश व्यवस्था के माध्यम से दर्शक सामंजस्य और संतुलन का अनुभव करेंगे, जो विज्ञान, अध्यात्म और संस्कृति के संगम को भी उजागर करेगा। विशेष रूप से इस बार के पंडाल में प्राचीन वास्तुकला और कलात्मक प्रस्तुति का समावेश किया गया है। मूर्ति और मंडप सज्जा में धार्मिक और सांस्कृतिक प्रतीकों का मिश्रण दिखाई देगा, जो आगंतुकों को एक आध्यात्मिक और प्रेरक अनुभव प्रदान करेगा। कोणार्क कालचक्र की प्रेरणा के अनुसार, यह पूजा केवल मां दुर्गा की आराधना तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि यह मानवता को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करने का माध्यम भी बनेगी।

❑ **पंडाल सज्जा और मूर्ति डिजाइन**

इस वर्ष की मूर्ति का निर्माण कलाकार क्लयाणी पाल (हावड़ा) द्वारा किया गया है। पंडाल की सज्जा मन्ना डेकोरेटर (मेदिनीपुर) द्वारा की गई है, जबकि लाइटिंग की जिम्मेदारी निर्मल पात्र (निर्मल इलेक्ट्रिक, हावड़ा) ने संभाली है। इस संयोजन से पंडाल और मूर्ति का स्वरूप अत्यंत भव्य और आकर्षक प्रतीत होगा।

❑ **सुरक्षा व्यवस्था**

पूजा के दौरान सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। फायर सेफ्टी उपकरण, क्लब के स्वयंसेवक और चार अनुभवी सुरक्षा गार्ड पूरे कार्यक्रम के दौरान उपस्थित रहेंगे, ताकि सभी आगंतुक सुरक्षित और आनंदपूर्वक पूजा का अनुभव कर सकें।

नवयुवक सुधार संघ की 73वीं दुर्गा पूजा इस बार सामाजिक सेवा, सांस्कृतिक प्रस्तुति और भव्यता का एक अनूठा संगम प्रस्तुत करने जा रही है, जो न केवल कोलकाता के लोगों के लिए, बल्कि सभी श्रद्धालु-ओं के लिए यादगार साबित होगी।

### नमो युवा रन से युवाओं ने दिया नशामुक्त भारत और उज्ज्वल भविष्य का संदेश



**हावड़ा, समाज्ञा :** भारतीय जनता पार्टी हावड़ा सदर के अध्यक्ष गोरांगो भट्टाचार्य के नेतृत्व में रविवार को 'नमो युवा रन' का आयोजन किया गया। यह केवल एक दौड़ नहीं, बल्कि एक सामाजिक अभियान था, जिसका उद्देश्य था- 'नशामुक्त भारत' के संकल्प के साथ नए और सशक्त भारत का निर्माण। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजय सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि 'नमो युवा रन' का प्रत्येक कदम केवल स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता नहीं, बल्कि जीवन को सकारात्मक दिशा देने की प्रेरणा भी है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन के माध्यम से युवाओं ने यह संदेश दिया कि भारत का भविष्य नशे की अंधेरी राहों में नहीं, बल्कि अनुशासन, शिक्षा, खेल, परिश्रम और समर्पण की उज्ज्वल धारा में सुरक्षित है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में युवा शामिल हुए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला महामंत्री सोरेंद्र सामंतों, जिला महामंत्री अच्युतानंद दीपक, जिला सचिव तुहीन कर, जिला सचिव प्रमोद सिंह, जिला सचिव ओमप्रकाश सिंह, प्रदीप तिवारी, योगेश सिंह, कुणाल गुन, राजन सिंह, निलेश सिंह, गणेश साव, विरू साहनी, आनन्द दूबे, संदीप मल, राजू यादव, सुब्रोदीप दत्ता, राकेश सिंह सहित अनेक कार्यकर्ता और युवा उपस्थित रहे।

### नजर हटी, दुर्घटना घटी: युवाओं को ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाने के लिए अभिभावकों के लिए गाइड

**कोलकाता, समाज्ञा :** त्योहारों के मौसम में किशोर और कॉलेज छात्र पहली बड़ी खरीदारी में जुटते हैं, वहीं ऑनलाइन धोखाधड़ी का खतरा भी बढ़ जाता है। अमेजन इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट राकेश बक्शी ने कहा कि माता-पिता और अभिभावक बच्चों को नकली ईमेल, फिशिंग लिंक और जल्दबाजी के जाल से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उनका मंत्र है: पहले रुकें, बाद में क्लिक करें। सुरक्षा के उपायों में मजबूत पासवर्ड, बहु-कारक प्रमाणीकरण, सीधे ऐप/वेबसाइट से ऑर्डर की जांच और संदिग्ध संदेशों से क्लिक न करना शामिल है। अमेजन ने गृह मंत्रालय के आई4सी के साथ मिलकर स्कैम फ्री सितंबर अभियान भी शुरू किया है। इसमें डिजिटल फिल्में ऑनलाइन धोखाधड़ी की जागरूकता फैलाती हैं और परिवारों व युवाओं को सुरक्षित ऑनलाइन शॉपिंग की आदतें अपनाने के लिए सशक्त बनाती हैं।

# गॉसिप सिल्वर एंड फैशन ज्वेलरी ने दुर्गा पूजा पर पेश की नई कलेक्शन

**कोलकाता, समाज्ञा**



सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स की युवा और ट्रेंडी उप-ब्रांड गॉसिप सिल्वर एंड फैशन ज्वेलरी ने इस दुर्गा पूजा पर अपनी नवीनतम ज्वेलरी कलेक्शन का शानदार लॉन्च किया। गॉसिप अपनी भव्य ज्वेलरी के साथ-साथ व्यक्तित्व और आत्मसशक्तिकरण को भी बढ़ावा देने के लिए जाना जाता है। इस वर्ष की कैंपेन थीम किल यॉर इनर डेमन महिलाओं को आत्मविश्वास, भय और नकारात्मकता से मुक्त होने के लिए प्रेरित करती है। गॉसिप का मानना है कि ज्वेलरी केवल सजावट नहीं, बल्कि शक्ति, आत्मविश्वास और खुद की पहचान व्यक्त करने का माध्यम है। कलेक्शन में ऑक्सीडाइज्ड सिल्वर चोकर, अमेरिकन डायमंड पीस, सुंदर एंटीक रेप्लिका और पोल्की-प्रेरित डिजाइन शामिल हैं, जो बोल्ड और आत्मविश्वासी महिलाओं के लिए खास तौर पर तैयार किए गए हैं।

सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स की निदेशक और मार्केटिंग प्रमुख जोइता सेन ने कहा, हमारे डिजाइन आधुनिक महिला की बहादुरी, आत्मविश्वास और निडर व्यक्तित्व को दर्शाते हैं। हर गॉसिप पीस सोच-समझकर तैयार किया गया है, जिससे पहनने वाली महिला अपनी शैली और व्यक्तित्व को सहज रूप से व्यक्त कर सके। हमारा उद्देश्य है कि ज्वेलरी सिर्फ आकर्षक दिखाए नहीं बल्कि पहनने वाली की सांस्कृतिक विरासत और आत्मविश्वास को भी उजागर करे। इस दुर्गा पूजा, गॉसिप ज्वेलरी पर 10,000 रुपये और उससे ऊपर के बिल पर मेकिंग चार्ज या एमआरपी पर 15% तक की छूट भी मिल रही है।



**युवा प्रोग्रेसिव वेलफेयर सोसाइटी ने दुर्गा पूजा के उपलक्ष्य में जरूरतमंदों के बीच 400 साड़ियां बांटीं। इस मौके पर वार्ड 21, 25, 24, 42 के पार्षद और तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक देब शामिल हुए। इसके अलावा, वार्ड 45 के पूर्व पार्षद सुरेश पांडे, संस्था के अध्यक्ष आकाश पांडे, चेयरमैन रघुनाथ अग्रवाल और अन्य गणमान्य भी शामिल हुए।**

# आवंटित फंड में से कितनी राशि कोर्ट को दी गई, मुख्य सचिव से जवाब तलब

## ऐसा मत सोचिए कि हम राज्य से दया की भीख मांग रहे हैं : हाई कोर्ट

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य ने आवंटित धनराशि में से कितनी राशि न्यायपालिका को दी है? कलकत्ता हाई कोर्ट ने बुधवार को यह प्रश्न उठाया। इसके साथ ही, न्यायालय ने राज्य के मुख्य सचिव मनोज पंत को लंबित आवंटन पर अपना पक्ष रखने के लिए समय दिया। न्यायमूर्ति देबांग्शु बसाक और न्यायमूर्ति मोहम्मद शब्बर रशीदी की खंडपीठ ने कहा कि राज्य के वित्त सचिव, न्यायिक सचिव और महापंजीयक को 15 अक्टूबर को पूजा की छुट्टियों के दौरान बैठक करनी होगी। यदि उस दिन बैठक अधूरी रहती है, तो दूसरी बैठक आयोजित की जाएगी। दूसरे दिन की बैठक 22 अक्टूबर को होगी। खंडपीठ ने आदेश दिया है कि लंबित धनराशि की गणना के बाद राशि के भुगतान पर अंतिम निर्णय उस बैठक के बाद राज्य को सूचित किया जाए। हाई कोर्ट ने कहा कि राज्य के मुख्य सचिव को लंबित धनराशि सहित पूरे मामले पर 27 अक्टूबर को एक रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी। यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि इस आदेश की किसी भी तरह से अनदेखी न हो।



बुधवार को मामले की सुनवाई में राज्य ने कहा कि इन परियोजनाओं के लिए धन पर चर्चा की आवश्यकता है। न्यायालय को समय देना चाहिए। आवेदन पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति बसाक ने टिप्पणी की कि प्रत्येक जिला न्यायाधीश के पास पांच लाख रुपये होने चाहिए। अब एक भी रुपये नहीं है। मैं पिछले चार दिनों से यही बात कह रहा हूं। लेकिन मामला अभी भी जस का तस है। राज्य के मुख्य सचिव को बताने के बाद भी कोई प्रगति नहीं हो रही है। इससे कैसी छवि बन रही है? राज्य के लिए उनकी आगे की टिप्पणियां थीं कि कुल बजट का एक छोटा सा हिस्सा न्यायपालिका के लिए आवंटित किया जाता है। अगर वह भी उपलब्ध नहीं है, तो काम कैसे चलेगा? राज्य ने कितना आवंटन प्रदान किया है? ऐसा मत सोचिए कि हम राज्य से दया की भीख मांग रहे हैं। यह राज्य की जिम्मेदारी के अंतर्गत आता है। हम न्यायपालिका को देय धन का निपटान करने की बात कर रहे हैं। उस टिप्पणी के बाद अदालत ने राज्य के अनुरोध पर सहमति व्यक्त की और चर्चा के लिए समय निर्धारित किया। इस बीच, अदालत ने राज्य को अंतिम निर्णय लेने का आदेश दिया। 17 सितंबर को इस मामले की सुनवाई के दौरान, मुख्य सचिव पंत वर्चुअल मोड के माध्यम से न्यायमूर्ति बसाक और न्यायमूर्ति रशीदी की खंडपीठ के समक्ष उपस्थित हुए और बताया कि राज्य ने अदालतों के विकास के लिए 50 करोड़ रुपये आवंटित करने का निर्णय लिया है। यह धन निचली अदालतों और उच्च न्यायालय की 14 परियोजनाओं पर खर्च किया जाएगा। इस संबंध में प्रस्ताव वित्त विभाग को मंजूरी के लिए भेजा गया है। लेकिन न्यायाधीश मुख्य सचिव के जवाब से संतुष्ट नहीं हुए। क्योंकि राज्य सरकार को 53 और परियोजनाओं की जानकारी दी गई थी।



मुख्यमंत्री ममता बनर्जी कालीघाट अग्निशमन केंद्र के नए भवन का उद्घाटन करतीं एवं साथ में दमकल मंत्री सुजीत बोस व अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

### न्यूज ब्रीफ

### वीवो इंडिया ने सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी को बनाया अपना नया ब्रांड एंबेसडर

**नई दिल्ली/कोलकाता :** वीवो ने ऐलान किया कि बॉलीवुड की सबसे पसंदीदा जोड़ी सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी अब भारत में वीवो का नया चेहरा होंगे। अपने सच्चे स्वभाव, साफ़दिल अंदाज़ और प्रेरणादायक सफ़र के लिए मशहूर सिद्धार्थ और कियारा वीवो की उस सोच को दिखाते हैं, जो लोगों को असली कनेक्शंस बनाने और अपनी पहचान खुलकर जीने के लिए प्रेरित करती है। वीवो इंडिया के कॉर्पोरेट स्ट्रेटेजी हेड, गीताज चन्नाना ने कहा: वीवो में, हमारी सोच हमेशा से ऐसी टेक्नोलॉजी बनाने की रही है, जो लोगों को जुड़ने, खुद को ज़ाहिर करने और जिंदगी के यादगार लम्हों का जश्न मनाने की ताकत दे। हमें सिद्धार्थ और कियारा को वीवो परिवार में शामिल करते हुए बेहद खुशी हो रही है–ये दोनों ऐसे लोग हैं, जिनकी सादगी और प्रेरणादायक यात्रा हमारी ब्रांड वैल्यू से मेल खाती है।

### दिनहाटा में तृणमूल नेता के घर पर बम विस्फोट, इलाके में दहशत

**कूचबिहार :** जिले के दिनहाटा में मंगलवार की देर रात तृणमूल नेता के घर बम विस्फोट की घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना दिनहाटा दो नंबर ब्लॉक के साहेबगंज ग्राम पंचायत इलाके की है। मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम पंचायत की पूर्व प्रमुख कोहिनूर खातून बीबी और तृणमूल कांग्रेस माइनॉरिटी सेल के ब्लॉक अध्यक्ष मोजफ्फर रहमान मिन्टू के घर में मंगलवार की देर रात करीब 2 बजे अचानक बम धमाका हुआ। इस जोरदार धमाके से पूरा इलाका हिल गया। घटना की सूचना साहेबगंज थाने को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और वहां से एक जिंदा बम बरामद कर लिया। इस घटना से स्थानीय निवासियों में दहशत फैल गई है। बुधवार सुबह मौके पर दिनहाटा दो नंबर ब्लॉक के तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष दीपक कुमार भट्टाचार्य पहुंचे। उन्होंने दोषियों की तुरंत गिरफ्तारी और क्षेत्र में शांति बहाल करने की मांग की। स्थानीय प्रशासन ने कहा कि मामले की गहन जांच की जा रही है और पूरे इलाके पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

### पांडुआ में 132 किलो गांजा बरामद के साथ तीन गिरफ्तार, 3.5 लाख नकद जब्त

**हुगली, समाज्ञा :** राज्य पुलिस की एसटीएफ की टीम ने सोमवार की रात हुगली जिले के पांडुआ थाना अंतर्गत हराल हटतला स्थित एक किराए के मकान में छापेमारी की। इस दौरान भारी मात्रा में गांजा बरामद किया गया और तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया। मौके से एक स्विफ्ट डिज़ायर कार भी जब्त की गई, जिसमें अवैध माल भरा हुआ था। बुधवार को एसटीफ के एक अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों की पहचान जीतेन्द्र नाथ गोपे (34), निवासी सरायकेला–खरसावां, झारखंड; सुकुमार रूईदास (41), निवासी हुगली, पश्चिम बंगाल और प्रेमचंद कुमार (40), निवासी पटना, बिहार के तौर पर हुई है। एसटीएफ की कार्रवाई में किराए के मकान और वाहन से कुल 132 किलो गांजा बरामद किया गया, जिसे एक–एक किलो के पैकेट में रखा गया था। इसके अलावा तस्करों के पास से 3.5 लाख नकद भी जब्त किए गए हैं। इस मामले में पांडुआ थाने में मुकदमा दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है।



भारी बारिश के बाद कॉलेज स्ट्रीट में भीगे किताबों को सुखाते किताब विक्रेता

### यूपी एसटीएफ ने हुगली में 7 करोड़ की डकैती के मास्टरमाइंड को किया गिरफ्तार

**वाराणसी/हुगली :** यूपी एसटीएफ की वाराणसी इकाई को एक बड़ी सफलता मिली है। हुगली में बीते माह तीन अगस्त को ज्वेलरी शॉप में सात करोड़ की डकैती करने वाला जौनपुर का शातिर अपराधी आदर्श सिंह बेहड़ा अपने साथी चोलापुर निवासी सूरज सेठ के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है। एसटीएफ के अनुसार, पकड़े गए लोगों के पास से 20 लाख नगद, सोने चांदी के गहने और एक नई बुलेट बाइक बरामद की गई है। पकड़े गए आदर्श सिंह बेहड़ा के खिलाफ पहले से ही डेढ़ दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। इसका सगा चाचा दीपक सिंह बेहड़ा भी शातिर अपराधी था और अब से 15–20 साल पहले वाराणसी में पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में मारा गया था। आपराधिक पृष्ठभूमि की जानकारी के साथ ही एसटीएफ अब आरोपितों की अन्य कारगुजारियों की भी पड़ताल में जुट गई है।



### एमवे इंडिया ने लॉन्च किया आर्टिस्ट्री स्किन न्यूट्रिशन की नेक्स्ट-जेन स्किनकेयर

**सिलीगुड़ी/कोलकाता :** देश में समय से पहले त्वचा पर बुढ़ापे की समस्याओं, प्रदूषण के असर, असमान रंगत और खुरदुरी त्वचा जैसी परेशानियों का सामना कर रहे हैं। इसी को देखते हुए, एमवे इंडिया ने दो नए स्किनकेयर प्रोडक्ट्स लॉन्च किए हैं – आर्टिस्ट्री स्किन न्यूट्रिशन डिफ़ाइंग सीरम और आर्टिस्ट्री स्किन न्यूट्रिशन करेक्टिंग सीरम। लॉन्च के अवसर पर एमवे इंडिया के प्रबंध निदेशक, रजनीश चोपड़ा ने कहा, भारतीय स्किनकेयर मार्केट तेज़ी से बढ़ रहा है, जिसका मुख्य कारण है उपभोक्ताओं की बढ़ती जागरूकता, बढ़ती इनकम व खर्च करने की क्षमता और प्रीमियम व नैचुरल प्रोडक्ट्स की माँग।

**NAME CHANGE**

I, Rahul Kumar Jaiswal, S/o Binod Jaiswal, R/o- 36/1/1, Pulin Khatick Road, Tangra, S.O.: Tangra,Kolkata-700015, West Bengal shall be known as Rahul Jaiswal, Vide Notary, Sealdah Court, Dated :19.09.2025. Rahul Kumar Jaiswal & Rahul Jaiswal, is same & identical person.

**NAME CHANGE**

I, Binod Kumar Jayswal/Binod Kumar Saiswal, S/o Ram Narayan Jaiswal, R/o- 36/1/1, Pulin Khatick Road, Tangra, P.S.: Tangra, Kolkata-700015, West Bengal shall be known as Binod Jaiswal, Vide Notary, Sealdah Court, Dated: 19.09.2025. Binod Kumar Jayswal, Binod Kumar Saiswal & Binod Jaiswal, is same & identical person.

**पूर्व रेलवे**

**निविदा का निरस्तीकरण**

खुली ई-निविदा सं.: एसडीएसटीई-एफआरपी-एसआईजी-यूनिट-25-26, दिनांक: 19.09.2025, जो मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर-1, पूर्व रेलवे, हावड़ा, रेलवे स्टेशन के पास डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा-711101 द्वारा पूर्व में प्रकाशित की गई थी, खुलने की तिथि 14.10.2025, उक्त निविदा कुछ तकनीकी कारण से **निरस्त** की जाती है।

HWH-307/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**जीईएम बोली सं.: जीईएम/2025/बी/6689766, दिनांक: 16.09.2025,** मुख्य कारखाना प्रबंधक, पूर्व रेलवे वर्कशॉप, काँचरापाड़ा, उत्तर 24 परगना, पिन-743145 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम एवं इसका स्थान:** ईएमयू/एमईएमयू मोटर कोचों और ट्रेलर कोचों के ब्रेक सिलिंडर की डिस्मैंटलिंग, साफ करना, सुखाना और स्क्रैपिंग के लिए अपशिष्ट और रिलीज्ड सामग्री का निपटान और पृथक्करण -मरम्मत और ओवरहालिंग सेवा - बोगी माउंटेड ब्रेक सिलिंडर; विभिन्न; हाँ; क्रेता परिसर। **कार्य का अनुमानित मूल्य :** रु.35,78,484/-(जीएसटी सहित)। **बयाना राशि जमा की जाएगी:** रु. 71,600/-**निविदा प्रपत्र का मूल्य:** शून्य। **कार्य की समापन अवधि:** 01 वर्ष। **वेबसाइट जहाँ से निविदा कागजात उपलब्ध होगा:** निविदा कागजात और अन्य विवरण वेबसाइट **www.gem.gov.in** पर दिनांक 16.09.2025 से 03.10.2025 को 14.00 बजे तक प्राप्त किए जा सकते हैं। **विज्ञापन अवधि:** दिनांक 16.09.2025 से 03.10.2025 को 14.00 बजे तक। **प्रस्ताव जमा देने की अवधि:** दिनांक 16.09.2025 से 03.10.2025 को 14.00 बजे तक। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 03.10.2025 को 14.00 बजे तक। **निविदा के खुलने की तिथि और समय:** दिनांक 03.10.2025 को 14.30 बजे तक।

MISC-216/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. ईएक्स_एमईएमयू-25-26, दिनांक 22.09.2025,** उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/सी, पूर्व रेलवे वर्कशॉप, काँचरापाड़ा, कैरिज कॉम्प्लेक्स, उत्तर 24 परगना, पीओ: काँचरापाड़ा, पिन-743145 द्वारा निम्नवर्णित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम एवं इसका स्थान :** 01 (एक) वर्ष की अवधि के लिए खुली निविदा के आधार पर कार्य अनुबंध के माध्यम से बाहरी एजेंसी द्वारा काँचरापाड़ा वर्कशॉप में निष्पादन किए जाने हेतु विशिष्ट कलर स्कीम के अनुसार 48 एमईएमयू रेक की एक्सीटीरियर पीयू पेंटिंग एवं स्क्रीन प्रिंटिंग का कार्य। **कार्य का अनुमानित मूल्य :** रु.1,47,10,295.04 (जीएसटी सहित)। **निविदा कागजात का मूल्य (टीडीसी):** शून्य। **वेबसाइट जहाँ निविदा कागजात उपलब्ध होगा :** निविदा कागजात का संपूर्ण सेट भारतीय रेल की ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर दिनांक 22.09.2025 से 14.10.2025 को 14.00 बजे तक उपलब्ध होगा। **बोली प्रतिभूति जमा की जाएगी:** रु.2,23,600/-, **कार्य की समापन अवधि:** 01 (एक) वर्ष। **विज्ञापन अवधि:** दिनांक 22.09.2025 से 14.10.2025 को 14.00 बजे तक। **प्रस्ताव जमा देने की अवधि:** 15 (पंद्रह) दिन पूर्व से 14.10.2025 को 14.00 बजे तक। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 14.10.2025 को 14.00 बजे तक। **निविदा की वैधता:** 66 (छियासठ) दिन। **निविदा के खुलने की तिथि और समय:** निविदा दिनांक 14.10.2025 को 15.00 बजे और उसके बाद खोली जाएगी।

MISC-218/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

### जाकिर हुसैन पर बम से हमला मामले में गिरफ्तार तीनों आरोपित सबूतों के अभाव में बरी

**कोलकाता, समाज्ञा :** बैंकशाल अदालत ने बुधवार को तृणमूल विधायक और राज्य के पूर्व मंत्री जाकिर हुसैन पर हुए बम हमले के मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) द्वारा गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपितों को बरी कर दिया। अदालत ने सबूतों के अभाव में यह फैसला सुनाया। उल्लेखनीय है कि फरवरी, 2021 में मुर्शिदाबाद जिले के निमतिता रेलवे स्टेशन पर जाकिर हुसैन और उनके समर्थकों पर देसी बम से हमला किया गया था। उस समय वे मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की कोलकाता में होने वाली कार्यकर्ताओं की बैठक में शामिल होने के लिए ट्रेन पकड़ने जा रहे थे। हमले में हुसैन गंभीर रूप से घायल हुए थे और कई दिनों तक एसएसकेएम अस्पताल में भर्ती रहे थे। प्रारंभिक जांच राज्य सीआईडी ने की थी, लेकिन बाद में केंद्र सरकार के आदेश पर एनआईए ने मामले की जांच अपने हाथ में ले ली। जांच एजेंसी ने इशा खान, अबू समद और सईदुल इस्लाम नामक तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर चार्जशीट दाखिल की थी। इस दिन, मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने पाया कि एनआईए आरोपितों के खिलाफ ठोस सबूत पेश करने में विफल रही। न तो किसी आरोपित की पहचान कराई जा सकी और न ही उनके पास से कोई विस्फोटक बरामद हुआ। इतना ही नहीं, अदालत ने यह भी सवाल उठाया कि घटना के वक्त मौजूद जाकिर हुसैन की सुरक्षा में तैनात 12 सुरक्षा कर्मियों में से एक भी क्यों घायल नहीं हुआ। इन्हीं आधार पर अदालत ने तीनों आरोपितों को बरी करने का आदेश दिया।

### आंदुल बाजार में हुई बड़ी चोरी मामले में चार गिरफ्तार, लाखों के आभूषण व नकदी बरामद

**हावड़ा, समाज्ञा :** जिले के सांकराईल थानांतर्गत आंदुल बाजार चौधरी पाड़ा इलाके में 18 सितम्बर की रात हुई बड़ी चोरी की घटना का पुलिस ने खुलासा कर लिया है। इस घटना में बदमाशों ने एक मकान का ग्रिल काटकर भीतर प्रवेश किया था और वहां से करीब 25 ग्राम सोने के आभूषण, कुछ चांदी के सामान तथा लगभग तीन लाख रुपये नकद लेकर फरार हो गए थे। घर के मालिक रनीत खाटुआ की शिकायत पर सांकराईल थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। जांच के दौरान पुलिस ने इलाके के सीसीटीवी फुटेज जब्त किए और गुप्त सूत्रों को सक्रिय किया। जुटाई गई जानकारी और खुफिया इनपुट के आधार पर 21 सितम्बर को छापेमारी कर पुलिस ने चार आरोपितों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान सुजय मलिक उर्फ भोला (31), संजय मलिक उर्फ बाटुल (20), सूरजित बाग उर्फ कालू (23) और पूनम सिंह (28) के रूप में हुई है। सभी आरोपी अंदुल बाजार चौधरी पाड़ा, सांकराईल थाना क्षेत्र के ही निवासी बताए गए हैं। पुलिस ने आरोपितों को न्यायालय में पेश किया, जहां से तीन दिनों की पुलिस रिमांड मंजूर की गई। पूछताछ के दौरान आरोपितों ने अपराध स्वीकार करते हुए चोरी किए गए सामान व नकदी बरामदगी में सहयोग करने की बात कही। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने आंदुल रेलवे स्टेशन क्षेत्र से छिपाकर रखे गए सामान को बरामद किया। बरामदगी में 26.7 ग्राम सोने के आभूषण, करीब 100 ग्राम चांदी तथा 2 लाख 54 हजार रुपये नकद शामिल हैं। पुलिस ने इन सभी को जब्त कर लिया है। फिलहाल, मामले की आगे की जांच जारी है।



### दुर्गापूजा से पहले रिसड़ा में जरूरतमंदों को मिला नए वस्त्र का उपहार

**हुगली, समाज्ञा :** दुर्गापूजा से पहले रिसड़ा नगरपालिका की ओर से जरूरतमंदों के लिए विशेष पहल की गई। नगरपालिका चेयरमैन विजय सागर मिश्रा के नेतृत्व में रविन्द्र सारणी इलाके में पार्टी कार्यालय के सामने वस्त्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे श्रीरामपुर के सांसद कल्याण बनर्जी ने हाथों से सैकड़ों जरूरतमंद परिवारों को नए वस्त्र वितरित किए। दुर्गोत्सव से पहले नए कपड़े का तोहफा पाकर बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों के चेहरे खुशी से चमक उठे।



इस अवसर पर सांसद कल्याण बनर्जी ने कहा कि दुर्गापूजा बंगाल का सबसे बड़ा त्योहार है। जरूरतमंदों के जीवन में मुस्कान लाना ही सबसे बड़ी पूजा है। समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलना ही असली धर्म है। उन्होंने हाल ही में तृणमूल कांग्रेस के सांगठनिक फेरबदल में नई जिम्मेदारी संभालने वाले पदाधिकारियों को भी मंच से शुभकामनाएं दीं। कल्याण बनर्जी ने विश्वास जताया कि नए पदाधिकारी संगठन को और मजबूत करेंगे और जनता के बीच सेवा भावना को आगे बढ़ाएंगे।

कार्यक्रम में नगरपालिका के वाइस चेयरमैन जाहिद हसन खान, पार्षद मनोज साव समेत कई अन्य पार्षद और समाजसेवी भी मौजूद रहे।

चेयरमैन विजय सागर मिश्रा ने कहा कि नगरपालिका का उद्देश्य केवल विकास कार्यों तक सीमित नहीं है, बल्कि जरूरतमंदों की सहायता और समाज सेवा करना भी है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे। आयोजन स्थल पर लाभार्थियों की लंबी कतार देखने को मिली। नये वस्त्र पाकर सभी ने खुशी जाहिर की।

### अनिकेत महतो के तबादले को हाई कोर्ट ने किया रद्द

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति विश्वजीत बसु की अदालत ने अनिकेत महतो की रायगंज मेडिकल कॉलेज में तैनाती को रद्द कर उन्हें तत्काल आरजी कर मेडिकल कॉलेज के एनेस्थीसिया विभाग में वरिष्ठ रेजिडेंट के रूप में नियुक्त करने का आदेश दिया। अदालत ने कहा कि राज्य सरकार का यह आदेश तर्कसंगतता के सिद्धांत का उल्लंघन करता है और इसमें गंभीर गलती हुई है। आरजीकर मेडिकल कॉलेज में डॉक्टर की बलात्कार–हत्या के बाद आंदोलन के प्रमुख चेहरों में शामिल अनिकेत महतो ने बुधवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय के फैसले का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि अदालत का निर्णय साबित करता है कि राज्य सरकार द्वारा उनका तबादला राजनीतिक कारणों से किया गया था और न्याय की जीत हुई है। महतो के वकील ने अदालत में दलील दी थी कि राज्य सरकार ने मेरिट आधारित चयन प्रक्रिया की अवहेलना कर आंदोलन में सक्रिय डॉक्टरों को निशाना बनाया और दूरदराज अस्पतालों में भेजकर उन्हें 'सजा स्वरूप' पोस्टिंग दी। उन्हें यह सजा इसलिए दी गई क्योंकि आरजी कर में महिला डॉक्टर की दुष्कर्म और हत्या के खिलाफ खड़े हुए आंदोलन के नेताओं में से एक थे। वकील ने बताया कि महतो ने आरजीकर कॉलेज के एनेस्थीसिया विभाग में खाली पदों के लिए आवेदन किया था, लेकिन विभाग ने कम मेरिट वाले उम्मीदवार को चुन लिया।

**Office of the Municipal Councillors**
**Serampore Municipality**
1, N. S. Avenue, Serampore, Dist.: Hooghly, Pin: 712201

**Notice Inviting e-Tender**

e-Tender is invited from experienced and resourceful bidders vide **NIT No-WBMAD/ULB/SRMP/NIT-28/2025-26, Date : 24/09/2025.** Name of Work-Beautification of Pond at SDO Complex at Serampore, Under Serampore Municipality. Bid Submission Start Date (online) : **24/09/2025 at 17.00 P.M.** Bid Submission Closing Date (online) : **24/10/2025 at 14.00 P.M.** Bid Opening Date for Technical Proposals (online) : **28/10/2025 at 14.00 P.M.** For details of the project go through http://wbtenders.gov.in and www.seramporemunicipality.net/tenders

Sd/-
Chairman
Serampore Municipality

**Office of the Municipal Councillors**
**Serampore Municipality**
1, N. S. Avenue, Serampore, Dist.: Hooghly, Pin: 712201

**Notice Inviting e-Tender (2nd Call)**

e-Tender is invited from experienced and resourceful bidders vide **NIT No.-WBMAD/ULB/SRMP/MPLADS/NIT-25/2025-26, 2nd Call, Date : 24/09/2025.** Name of Work- Construction of Ground Floor with G.C.I. Roof of Anganwadi School at New Mahesh, ward no. 27. Bid Submission Start Date (online) : **24/09/2025 at 14.00 P.M.** Bid Submission Closing Date (online) : **11/10/2025 at 14.00 P.M.** Bid Opening Date for Technical Proposals (online) : **13/10/2025 at 14.00 P.M.** For details of the project go through http://wbtenders.gov.in and www.seramporemunicipality.net/tenders

Sd/-
Chairman
Serampore Municipality

# नवरात्रि तृतीया पर चंद्रघंटा रूप में पूजित हुई मां राजराजेश्वरी

## 108 दीपों की आरती और 1600 अखंड ज्योति से जगमगाया मंदिर परिसर, हजारों श्रद्धालुओं ने लिया प्रसाद

**हुगली, समाज्ञा :** कोन्नगर स्थित आदि जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज द्वारा स्थापित राजराजेश्वरी सिद्धपीठ में शारदीय नवरात्र की तृतीया तिथि पर मां भगवती के चंद्रघंटा स्वरूप की भव्य पूजा–अर्चना संपन्न हुई।

मठ के प्रभारी ब्रह्मचारी सच्चित स्वरूप जी और उपप्रभारी श्रीधर शास्त्री महाराज ने वैदिक मंत्रोच्चार और परंपरागत विधियों के साथ विशेष अनुष्ठान किया। पूजा के बाद भक्तों में प्रसाद वितरित किया गया।

इस अवसर पर मां की आरती 108 दीपों से की गई, वहीं पूरे मंदिर परिसर में 1600 अखंड ज्योतियां प्रज्वलित की गईं। दीपों और ज्योतियों से सजा परिसर जब भक्ति–संगीत से गूंजा तो ऐसा प्रतीत हुआ मानो स्वयं मां राजराजेश्वरी विराजमान होकर अपने भक्तों को आशीर्वाद दे रही हों।



सुबह से ही हजारों श्रद्धालु मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचने लगे। दिनभर माहौल भक्ति–भाव और श्रद्धा से सराबोर रहा। भक्तों ने मां के दर्शन, आरती और पूजन के साथ भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

ब्रह्मचारी सच्चित स्वरूप जी ने इस अवसर पर नवरात्र की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्ष में कुल चार नवरात्र होते हैं – दो व्यक्त (चैत्र और शारदीय), जिन्हें सार्वजनिक रूप से मनाया जाता है और दो गुप्त (माघ व आषाढ़), जो मुख्य रूप से साधना और तांत्रिक उपासना के लिए विशेष माने जाते हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जो प्राकृतिक आपदाएँ बार–बार सामने आ रही हैं, उनका मूल कारण स्वयं मानव है। प्रकृति के साथ निरंतर छेड़छाड़ और भौतिक सुख–सुविधाओं की अंधी दौड़ ने संतुलन बिगाड़ दिया है। यही वजह है कि सृष्टि अपना रौद्र रूप दिखाने पर विवश हो रही है।

उन्होंने श्रद्धालुओं को संदेश देते हुए कहा कि मां भगवती का अर्चन करने वाला मनुष्य न केवल पाप से मुक्ति पाता है, बल्कि उसके भीतर शांति, चेतना और आध्यात्मिकता का विस्तार होता है। नवरात्र के नौ दिनों तक मां के अलग–अलग स्वरूपों की पूजा की जाती है। आने वाले दिनों में भक्त मां कुष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री की आराधना करेंगे।

मठ प्रशासन ने बताया कि अष्टमी के दिन पारंपरिक कन्या पूजन और विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इसमें हजारों भक्तों के शामिल होने की संभावना है।

भक्ति, आस्था और आलौकिक प्रकाश से जगमगाते राजराजेश्वरी सिद्धपीठ ने इस नवरात्र की तृतीया को श्रद्धालुओं के लिए अविस्मरणीय बना दिया।

**हावड़ा मंडल के तहत नॉन–इंटरलॉकिंग कार्य के लिए ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था**

**शुद्धिपत्र**

हावड़ा मंडल के तहत बर्द्धमान–खाना शाखा में खाना स्टेशन पर दिनांक 02.12.2025 से 05.12.2025 तक 04 दिनों के लिए प्री नॉन–इंटरलॉकिंग कार्य और दिनांक 06.12.2025 से 08.12.2025 तक 03 दिनों के लिए नॉन–इंटरलॉकिंग कार्य हेतु ट्रेनों के नियंत्रण के संबंध में पूर्व प्रकाशित ऊपर शीर्षांकित विज्ञापन के संदर्भ में, यह सूचित जाता है कि ट्रेन नियंत्रण में कुछ संशोधन निम्नानुसार किए गए हैं:

- **मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों का मार्ग परिवर्तन:** निम्नलिखित ट्रेनों को इन ट्रेनों के मार्ग परिवर्तन की पूर्व अधिसूचित तिथियों के बदले उनके लिए उल्लिखित तिथियों को उनका मार्ग परिवर्तन किया जाएगा: **अप ट्रेनें: 13173 अप सियालदह–सबरूम कंचनजंघा एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 07.12.2025), **13175 अप सियालदह–सिलचर कंचनजंघा एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 06.12.2025) और **13161 अप कोलकाता–बालुरघाट तेभागा एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 07.12.2025) बैण्डेल, नबद्वीप धाम और कटवा स्टेशनों पर ठहराव के साथ नैहाटी लिंक केबिन–बैण्डेल–कटवा–अहमदपुर होकर मार्ग परिवर्तित करेंगी। **डाउन ट्रेन: 13162 डाउन बालुरघाट–कोलकाता तेभागा एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 06.12.2025) कटवा, नबद्वीप धाम और बैण्डेल स्टेशनों पर ठहराव के साथ अहमदपुर–कटवा–बैण्डेल–नैहाटी लिंक केबिन होकर मार्ग परिवर्तित करेगी।
- **मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों का निरस्तीकरण:** निम्नलिखित ट्रेनें इन ट्रेनों की पूर्व अधिसूचित निरस्तीकरण तिथियों के बदले उनके लिए उल्लिखित तिथि को निरस्त रहेंगी: **12383 अप सियालदह–आसनसोल इंटरसिटी एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 06.12.2025) और **12384 डाउन आसनसोल–सियालदह इंटरसिटी एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 06.12.2025)। यात्रियों से अनुरोध है कि वे स्टेशनों की जनसंबोधन प्रणाली का पालन करें। असुविधा के लिए खेद है।

**मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# स्वस्थ तन-मन के लिए लें झपकी



उमेश कुमार साहू

झपकी लेने को सामान्यतः समय की बरबादी या एक व्यसन माना जाता है। कहीं-कहीं तो इसे शारीरिक या मानसिक रोग का प्रतीक भी माना जाता है, परंतु ऐसा नहीं है। कार्य के अत्यधिक दबाव, पारी वाले कार्य के कारण या किसी अन्य कारणवश यदि हमारी रात की नींद अधूरी रह गई हो तो उसे हम झपकी लेकर दिन के समय पूरा कर सकते हैं।

वैज्ञानिकों का मानना है कि झपकी द्वारा हम जीवन को अधिक स्वस्थ, स्फूर्त एवं सफल बना सकते हैं। इसकी अपनी उपयोगिता के साथ-साथ यह विज्ञानसम्मत भी है। मस्तिष्कीय तरंगों पर शोध कर रहे वैज्ञानिकों के अनुसार मनुष्य को पूरे दिन में दो बार सोने की प्राकृतिक आवश्यकता है, एक रात्रि में कई घंटे तक लंबी नींद की आवश्यक जरूरत और दूसरी दोपहर के समय कुछ समय के लिए सोने की कम जरूरत।

यही कारण है कि रात की सामान्य नींद लेते हुए भी हम दोपहर को उनींदे से महसूस करते हैं और अर्द्धजड़ित से हो जाते हैं। हमारे कार्य करने की क्षमता घट जाती है। इसी समय विभिन्न कार्यों में सर्वाधिक चूक देखी जाती है। विशेषकर सड़क दुर्घटनाएं इसी समय सर्वाधिक घटित होती हैं।

दोपहर की नींद की कम आवश्यक जरूरत को हम झपकी द्वारा पूरा कर सकते हैं। इससे हमारी शारीरिक थकान तो दूर हो जाती है, साथ ही मानसिक क्षमता में भी वृद्धि हो जाती है। झपकी हमारे मूड में भी आशाजनक सुधार लाती है। इससे मिलने वाली ताजगी हमारे संबंधों को अधिक मधुर एवं सफल बनाती है। मनोवैज्ञानिकों के अनुसार झपकी लेने वाले झपकी न लेने वालों की अपेक्षा अधिक स्मरण शक्ति वाले होते हैं, साथ ही अधिक प्रसन्न भी नजर आते हैं।

झपकी अनिद्रा रोग का एक महत्त्वपूर्ण निदान है। म्यूनिच के मनोवैज्ञानिक डॉ. जर्गन जूली के अनुसार झपकी द्वारा लिए गए नींद के हल्के डोज हमारे अनिद्रा रोग को बहुत कुछ ठीक कर सकते हैं। उनके अनुसार हमें प्राकृतिक ऊंघाई के क्षणों से कॉफी-चाय या व्यायाम द्वारा नहीं जूझना चाहिए। कुर्सी पर बैठे-बैठे पीठ के सहारे एक छोटी सी झपकी बेहतर है लेकिन बहुत छोटी झपकी अधिक सहायक नहीं होती।

झपकी कब लें, इसके संदर्भ में विशेषज्ञों की राय जानना आवश्यक है। विशेषज्ञों के अनुसार झपकी तब ली जाए जब इसकी आवश्यकता सर्वाधिक महसूस की जाए। झपकी के कई लाभों के साथ इसमें कुछ कमियां भी हैं जिनके प्रति ध्यान देना जरूरी है।

अधिकांश लोग जागने पर भी एक नशे में रहते हैं। नींद विशेषज्ञ इसे निद्रा जड़त्व कहते हैं। अतः यदि हमें अचानक उठकर किसी जटिल मशीन या यांत्रिक क्रिया को संचालित करना हो तो उससे पूर्व झपकी लेना खतरनाक सिद्ध हो सकता है अतः काम के समय यदि हम उनींदे महसूस कर रहें हों, तो झपकी ले सकते हैं लेकिन इसके बाद 10-15 मिनट तक इंतजार कर 'निद्रा जड़त्व' समाप्त होने पर कार्य प्रारंभ कर सकते हैं।

दूसरा, झपकी गहन नींद की आवश्यकता को भी कम कर देती है, अतः अनिद्रा रोगी के लिए रात में सोने की समस्या को और जटिल कर सकती है।

इस तरह की त्रुटियों को भी ध्यान में रखते हुए हम अपनी सुविधानुसार झपकी लेकर नींद व थकान को पूरा कर सकते हैं और शारीरिक स्वास्थ्य एवं मानसिक स्फूर्ति के साथ जीवन को अधिक सफलतापूर्वक एवं आनंद के साथ जी सकते हैं। (स्वा.द.)

# घातक नहीं, चुस्ती-स्फूर्तिदायक भी होती हैं चाय की चुस्कियां

सीताराम गुप्ता

हमारे यहाँ चाय को स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक तथा नशे का साधन माना जाता है और इससे बचने की सलाह दी जाती है। सबसे पहले तो चाय के विषय में हमने जो ग़लत धारणा बना रखी है उसको दूर करना ज़रूरी है। चाय मात्रा एक हानिकारक पेय नहीं अपितु यह एक उपयोगी पेय भी है। चाय एक पौधे विशेष की पत्तियाँ ही तो हैं जिन्हें सुखाकर एक विशेष रंग और स्वाद दिया गया है।

किसी भी पौधे की पत्तियों का अर्क या क्वाथ सदैव हानिकारक कैसे हो सकता है लेकिन फिर भी कई बार चाय पीना स्वास्थ्य के लिए अच्छा नहीं माना जाता और इसका प्रमुख कारण है चाय की तैयार सूखी पत्ती या पेय बनाने की विधि में त्रुटि या कमी।

## चाय की प्रमुख वैरायटी:

रंग के अनुसार चाय की प्रमुख रूप से तीन वैरायटी तैयार की जाती हैं:

1. हरी चाय
2. काली चाय
3. ऊलांग चाय

उपरोक्त में से हरी चाय या ग्रीन टी लीव्ज़ में किसी प्रकार के रंग या स्वाद का मिश्रण नहीं किया जाता। इसमें ताज़ा पत्तियों को मात्रा सुखाकर पैक कर दिया जाता है और किसी भी प्रकार की कृत्रिम गंध से इसे मुक्त रखा जाता है। प्राकृतिक पत्तियाँ होने के कारण ही इसे हरी चाय कहते हैं।

हरी चाय से पेय तैयार करने के लिए इसमें दूध नहीं मिलाया जाता। पानी उबाल कर उसमें पत्तियाँ डाल कर ढक कर रख देते हैं। पत्तियाँ डालने के बाद उसे उबाला नहीं जाता। थोड़ी देर में पत्तियों का प्राकृतिक व स्वाभाविक रंग और स्वाद पानी में आ जाता है। इसको छानकर इसमें स्वाद या आवश्यकतानुसार शहद या चीनी मिलाकर इसका सेवन किया जाता है।

इस प्रकार से निर्मित चाय न केवल चुस्ती-स्फूर्ति और ऊर्जा प्रदान करती है अपितु औषधीय गुणों से भी भरपूर होती है। वैज्ञानिक शोधों से पता चलता है कि इस प्रकार की चाय में कैंसररोधी गुण पर्याप्त मात्रा में मिलते हैं। दूसरे इस प्रकार से तैयार बिना उबाली गई चाय में कैफीन जैसे अपेक्षाकृत मादक तत्व भी पेय में नहीं आ पाते।



दूसरे और तीसरे प्रकार की चाय की पत्ती को तैयार करने के लिए चाय की पत्तियों के अतिरिक्त बाहर से कई और चीज़ें मिलाकर उसके रंग और स्वाद को बदला जाता है। यदि ब्लैंडिंग की इस प्रक्रिया में कोई मादक पदार्थ प्रयोग में लाया जाता है तो वह अवश्य ही अपना प्रभाव डालेगा। इस प्रकार आज बाज़ार में अनेक तरह की चाय की पत्तियाँ उपलब्ध हैं।

काली या ऊलांग चाय की पत्ती से भी चाय तैयार करने की भी सही विधि यही है कि चाय की पत्तियों को उबलते पानी में भिगोकर थोड़ी देर बाद उसे छान लिया जाए और उसमें गरम दूध और चीनी मिलाकर उसका इस्तेमाल किया जाए। इससे भी हानिकारक तत्व पेय में नहीं आ पाएँगे। कुछ लोग विशुद्ध हरी चाय की पत्ती से तैयार पेय पसंद नहीं करते तो कुछ काली या ऊलांग चाय की पत्ती से तैयार पेय पसंद नहीं करते। इसका सबसे अच्छा उपाय है दोनों प्रकार की पत्तियों को अपनी पसंद के अनुसार मिलाकर प्रयोग किया जाए।

कुछ लोग चाय को बहुत पसंद करते हैं लेकिन कुछ लोग इसे न केवल घातक पेय मानते हैं अपितु चाय को भारतीय संस्कृति के ख़िलाफ़ भी मानते हैं। क्या चाय वास्तव में भारतीय संस्कृति के प्रतिकूल और घातक है? हमारे यहाँ वैदिक काल से ही विभिन्न रोगों के उपचार के लिए क्वाथ या काढ़ा बनाकर पीने का वर्णन मिलता है। आयुर्वेद में विभिन्न प्रकार की जड़ी-बूटियों अथवा वनस्पतिजन्य पदार्थों से क्वाथ बनाने का वर्णन मिलता है। यूनानी चिकित्सा पद्धति में जोशींदा भी विभिन्न प्रकार की जड़ी-बूटियों को उबालकर ही बनाया जाता है।

काली मिर्च, लौंग, बड़ी और छोटी इलायची, सौंठ या अदरक, पीपल, मुलहठी, उन्नाब, बनफ्शा आदि विभिन्न जड़ी-बूटियों और मसालों को उबालकर काढ़ा बनाने का प्रचलन आज भी हमारे यहाँ ख़ूब प्रचलित है। सर्दी-जुकाम के उपचार के लिए तो इससे उपयोगी औषधि हो ही नहीं सकती। इसी प्रकार चाय में भी अनेक औषधीय गुण विद्यमान हैं जो शरीर को चुस्ती-स्फूर्ति देने के साथ-साथ अनेक प्रकार के रोगों को रोकने अथवा उनका उपचार करने में सक्षम हैं।

चाय का सेवन हमारी याददाश्त को चुस्त-दुरुस्त रखने में भी सहायक होता है। अगर शरीर में पॉलीफिनॉल्स की पर्याप्त मात्रा हो तो इससे याददाश्त की कमी का ख़तरा कम हो जाता है। ताज़ा अनुसंधानों से यह बात स्पष्ट होती है कि फल, चाय, कॉफी आदि पेय पदार्थ शरीर में पॉलीफिनॉल्स के महत्त्वपूर्ण स्रोत हैं। इस प्रकार चाय हमारी याददाश्त को चुस्त-दुरुस्त रखने में भी सहायक होती है।

दिन भर में तीन-चार कप चाय पीजिए और हृदय रोगों, स्ट्रोक, त्वचा रोगों तथा कैंसर जैसे रोगों को दूर भगाइए। प्रतिदिन तीन-चार कप चाय पीने से हृदय विकारों की संभावना दस प्रतिशत से भी ज़्यादा कम हो जाती है। चाय में उपस्थित एंटीऑक्सीडेंट हमारी रोगों से लड़ने की क्षमता में वृद्धि कर हमें निरोग बनाए रखने में सक्षम होते हैं तथा रोग की दशा में शीघ्र रोगमुक्ति में सहायक होते हैं।

चाय में उपस्थित तैलीय तत्व हमारे पाचन में भी सहायक होते हैं। चाय डिहाइड्रेशन दूर करने, दाँतों को मजबूत बनाने तथा कोलेस्ट्रॉल को रोकने में भी सक्षम है। चाय में मौजूद कैफीन नामक तत्व सरदर्द से मुक्ति प्रदान कर हमें प्रफुल्ल तथा स्वस्थ बनाता है। ग्रीन टी तथा बिना दूध की काली चाय अथवा ब्लैक टी से वज़न कम करने और मोटापा रोकने में भी सहायता मिलती है।

चाय को सदैव एक ही तरीक़े से बनाकर पीने की बजाए अलग-अलग तरीक़ों से बनाकर पीना अच्छा है। कभी दूध की चाय लें तो कभी बिना दूध की, कभी चाय पत्ती उबाल कर तो कभी बिना पत्ती उबाले बिना दूध के नींबू की चाय आज़माएँ। दिन में एक या दो बार बिना दूध की बिना उबली सादी या नींबू की चाय अवश्य लें क्योंकि यह एक पेय ही नहीं, उत्तम औषधि भी है।

चाय को स्वदेशी रूप प्रदान करने के लिए कभी उसमें तुलसी की पत्तियाँ डाल लें तो कभी इलायची, कभी दालचीनी तो कभी सौंफ। गला ख़राब है तो गरम पानी में नमक डालकर गरारे करें और साथ ही चाय में भी थोड़ा नमक डालकर पिएँ।

सचमुच चाय हानिकारक ही नहीं अपितु एक अच्छा पेय भी है क्योंकि इसमें गरमी और मिठास के साथ-साथ मौजूद हैं चुस्ती-स्फूर्ति और उपचार प्रदान करने वाले तत्व भी। (स्वा.द.)

# सेहत की खबरें

पूनम दिनकर

## बड़ी आंत के कैंसर की संभावना को बढ़ाती है चीनी

अमेरिका के स्वास्थ्य विशेषज्ञों को हाल ही में हुए शोध से यह पता चला है कि जो व्यक्ति अधिक मात्रा में चीनी का सेवन करते हैं, उन्हें बड़ी आंत का कैंसर ही नहीं बल्कि कई अन्य जटिल रोग भी हो सकते हैं। इस कारण चीनी के सेवन पर नियंत्राण बहुत ही आवश्यक है। विशेषज्ञों के अनुसार चीनी के अधिक सेवन से बहुत अधिक मात्रा में कैलोरी मिलती है। वैज्ञानिकों का कथन है कि चीनी के अधिक सेवन से पुरूष-स्त्री की सेक्सगत क्षमताओं पर भी काफी कुप्रभाव पड़ता है, इसलिए चीनी के विकल्प के रूप में गुड़ का प्रयोग उचित है।

## गर्भवती महिलाओं से प्रेम करते हैं मच्छर

डरहम एवं एबरडीन विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने अफ्रीकी देश जांबिया की महिलाओं पर एक शोध के फलस्वरूप पाया है कि मच्छर गर्भवती महिलाओं के रक्त को अधिक पसंद करते हैं। इस शोध में सामान्य और गर्भवती दोनों प्रकार की महिलाओं को मच्छरदानी लेकर सोने को कहा गया और सुबह उनके आस-पास मच्छरों को एकत्रा किया गया तो पाया गया कि गर्भवती महिलाओं के शयनस्थल से सामान्य महिलाओं की अपेक्षा तिगुनी संख्या में मच्छर मिले।

शोधकर्ताओं का अनुमान है कि इसका कारण महिलाओं में सामान्य महिलाओं की अपेक्षा गर्भवती महिलाओं में अधिक आक्सीजन की आवश्यकता का होना है। गर्भवती महिलाओं को आक्सीजन की अधिक आवश्यकता होती है जिस कारण गर्भवती महिलाओं में रक्त का प्रवाह तेज हो जाता है तथा उनके रक्त में शायद मिठास भी बढ़ जाती है। इससे मच्छर उनकी ओर अधिक आकर्षित होते हैं।

## हानिकारक होती हैं खुशबूदार मोमबत्तियां

वैज्ञानिकों ने एक शोध अध्ययन में पाया है कि खुशबूदार मोमबत्तियां स्वास्थ्य के लिए अत्यन्त हानिकारक होती हैं। इनमें प्रयोग की जाने वाली चमकीली बत्तियां लेड या लेड मिश्रित पदार्थों से बनी होती हैं जो जलने के बाद काफी देर तक वातावरण में मौजूद रहती हैं। अमेरिकन लंग एसोसिएशन से संबंधित चिकित्सकों के अनुसार लेड मिश्रित कण तंत्रिका-तंत्रा, हृदय परिभ्रमण तथा सेक्सुअल तंत्रिकाओं को काफी प्रभावित करते हैं जिससे अनेक रोगों की उत्पत्ति होती है।

## अनेक रोगों से बचाता है मातृत्व

गर्भ धारण करके मातृत्व का सुख प्राप्त करना प्रत्येक विवाहिता का परम कर्तव्य होता है, साथ ही वह गौरवान्वित होकर एक सुखद अनुभूति को महसूस करती है। पेनसिलवेनिया स्टेट यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ हेल्थ के विशेषज्ञ डेनी वेल्च के अनुसार अगर महिला पैंतीस वर्ष की आयु से पूर्व मां बन जाती है तो वह स्तन-कैंसर से लगभग सुरक्षित रहती है।

डॉ. वेल्च के अनुसार एक बच्चे की मां बनने वाली महिला को ओवरी कैंसर होने की संभावना 15 प्रतिशत तक कम तथा दो बच्चों की मां को चालीस प्रतिशत तक कम हो जाती है। मातृत्व वाली महिलाओं में गर्भाशय एवं मासिक की तकलीफें भी निःसंतान महिलाओं की अपेक्षा प्रायः कम ही हुआ करती हैं।

## डिप्रेशन को दूर करता है नियमित व्यायाम

हार्वर्ड मेडिकल स्कूल के विशेषज्ञ आइमीन ली के अनुसार अगर आप नियमित व्यायाम करते हैं तो आपको डिप्रेशन होने की संभावना बहुत कम होती है। एक शोध में कुछ महिलाओं व पुरूषों पर व्यायाम के पड़ने वाले प्रभाव के विषय में आठ सालों तक अध्ययन करने के बाद ली ने पाया कि जिन्होंने नियमित व्यायाम किया, उनमें डिप्रेशन की समस्या बहुत ही कम पाई गई। ली के अनुसार नियमित व्यायाम करने से व्यक्ति का मानसिक स्वास्थ्य भी अच्छा रहता है। इसके विपरीत नियमित व्यायाम न करने वाली महिलाओं व पुरूषों में डिप्रेशन की समस्या अधिक पाई जाती है तथा उनकी सेक्सुअल ग्रंथियां भी कमज़ोर हो जाती हैं।

## कांटेक्ट लेंस का प्रयोग सावधानी से करें

'द जर्मन फेडरल इंस्टीट्यूट फॉर मेडिसिन एवं मेडिकल प्रोडक्ट्स' के विशेषज्ञों के अनुसार आंखों की सुरक्षा के लिए कांटेक्ट लेंसों का प्रयोग बहुत ही सावधानीपूर्वक किया जाना आवश्यक होता है ख़ास करके जब रिमूवेबल लेंस लगाया जा रहा हो। जर्मन विशेषज्ञों के अनुसार इन लेंसों की सफाई बहुत ही आवश्यक होती है। अगर इन्हें ढंग से साफ न किया जाए तो कार्निया में सूजन तक हो सकती है। लेंस डालते समय एवं उतारते समय हाथों को अच्छी तरह से साफ कर लेना चाहिए।

## मस्तिष्क की कार्यशैली को बढ़ाता है विटामिन 'सी'

कैलिफोर्निया में हुए एक शोध के अनुसार विटामिन 'सी' का मस्तिष्क से गहरा संबंध होता है। इस शोध 65-94 वर्ष की आयु वाले 442 व्यक्तियों पर किये गये परीक्षणों में पाया गया कि विटामिन 'सी' की अधिक मात्रा मस्तिष्क की कार्य शक्ति को बढ़ाती है। यह विटामिन एन्टीआक्सीडेंट के रूप में कार्य करता है तथा कैंसर की संभावनाओं को भी इससे कम किया जा सकता है।

## सीढ़ियां चढ़ने से बढ़ता है अच्छा कोलेस्ट्रॉल

नवीनतम शोधों से यह सामने आया है कि दिन में अगर दो-तीन बार सीढ़ियों पर चढ़ना-उतरना होता रहे तो शरीर में अच्छे कोलेस्ट्रॉल एच.डी.एल. की मात्रा बढ़ती है तथा खराब कोलेस्ट्रॉल एल.डी.एल. की मात्रा में कमी आती है। इससे हृदय गति सामान्य रहती है और हृदय रोगों के होने की संभावना कम होती है। इससे चुस्त-दुरूस्त रहने में भी सहायता मिलती है।

## प्रसव के दर्द को कम करता है संगीत

एबरडीन विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने एक शोध के बाद निष्कर्ष निकाला है कि संगीत न केवल मन को आनंद प्रदान करता है बल्कि गर्भवती स्त्री को प्रसव के समय उठ रहे दर्द को भी कम करने में सहायक होता है। शोधकर्ताओं के अनुसार संगीत द्वारा तनाव के रोगियों तथा ब्लडप्रेशर के मरीजों पर भी लाभकारी प्रभाव डाला जा सकता है। (स्वा.द.)

# छालों में राहत दिलाते तेल, पानी और दूध के कुल्ले

नीतू गुप्ता



गरारों के बारे में तो सभी जानते है कि गला खराब होने पर गुनगुने पानी के नमक मिलाकर गरारे करने से गले को राहत मिलती है। कुल्ले करने से भी हमारे कई रोग दूर होते हैं यह कहना है आयुर्वेद विशेषज्ञों का। विशेषज्ञों के अनुसार मुंह में छाले, खांसी,जुकाम होने पर, गला खराब होने पर विभिन्न कुल्ले कर हम लाभ उठा सकते हैं। कुल्ले करने से हमारे शरीर के विषैले तत्व बाहर निकलते हैं।

### पानी के कुल्लेः-

- मुंह में सादा पानी भरकर उसे 3 मिनट तक मुंह में रखें। इससे मुंह की दुर्गन्ध साफ होती है।
- मुंह धोते समय भी मुंह में पानी भर कर रखें, फिर गिराएं। इस प्रक्रिया से भी मुंह साफ होता है।
- मुंह में पानी भर कर आंखों में पानी के छींटे मारने से नजर ठीक रहती है।
- गले के रोग, सर्दी जुकाम या सांस के रोग होने पर थोड़े गुनगुने पानी में सेंधा नमक मिला कर कुल्ले और गरारे करने से लाभ मिलता है।
- नमक वाले पानी से दिन में तीन बार कुल्ला करने से मसूड़े मजबूत होते हैं।
- मुंह में छाले होने पर पानी में शहद मिलाकर कुल्ला करें। इसके अतिरिक्त पानी में त्रिफला या मुलहठी का पाउडर डाल उबालकर ठंडा कर कुल्ला करने से भी मुंह के छालों में आराम मिलता है।

### दूध के कुल्लेः-

- गले, जीभ, मुंह में छाले होने पर प्रातः ताजे कच्चे दूध को मुंह में कुछ समय तक रखें. फिर दूध को बाहर न फेंके धीरे धीरे दूध गले से नीचे उतरने लगेगा और छालों को आराम मिलेगा।

### तेल के कुल्लेः-

- तेल के कुल्ले करने से दांत साफ व मजबूत होते हैं। मसूड़ों और दांतों की बीमारी में जल्दी आराम मिलता है।
- तेल के कुल्ले करने से रक्तचाप, माइग्रेन और नींद न आने की समस्या में भी लाभ मिलता है।
- पाचन संबंधी समस्या-कब्ज आदि में भी मुंह में तेल भर कर कुल्ले करने से लाभ मिलता है।
- नारियल या तिल के तेल को मुंह में भरकर रखें। गर्दन को पीछे की ओर न झुकाएं, नहीं तो तेल अंदर चला जाएगा। जितनी देर तक तेल रख सकते हैं रखें, फिर बाहर फेंक दें। हल्के हाथों से ब्रश कर, जीभ साफ कर लें। दांत मजबूत बनेंगे।

**सावधानी** – तेल के कुल्ले करते समय गर्दन को पीछे की ओर न झुकाएं। (स्वा. द.)

# जब हो कोई संकट की स्थिति

मंजु

किसी भी व्यक्ति के जीवन में किसी न किसी मोड़ पर ऐसी कोई भी स्थिति आ सकती है जिसकी परिणति मानसिक समस्या के लक्षणों में हो। सामान्य शारीरिक रोग भी इस तरह की मानसिक समस्याएं उपजा सकते हैं। सत्तर से अस्सी प्रतिशत मामलों में शारीरिक तकलीफ के साथ-साथ मानसिक समस्याएं भी पैदा हो सकती हैं और यह खतरा सब के साथ कभी न कभी पैदा हो ही सकता है।



मानसिक तनाव की स्थिति में भी यदि व्यक्ति अपना संतुलन बनाये रखना सीख ले तो कोई भी संकट की स्थिति उसे उद्वेग नहीं दे सकती, अवसाद में नहीं ला सकती।

संकट की स्थिति में खुद को संतुलित व 'संयत' रखने के लिये एकान्त में बैठकर खुद से ही कुछ सवाल करें- आखिर परेशानी का क्या कारण है? इस समय न तो तकदीर को दोषी ठहरायें, न भाग्य को कि 'मेरी तो तकदीर ही खोटी है। यही लिखा है मेरे भाग्य में। मेरा तो जीवन ही व्यर्थ हो गया।' इसके बजाय अपनी सोच को सार्थकता व सकारात्मकता की ओर ले जाकर कुछ अपनी भूलों और 'परेशानी क्यों पैदा हुई' जैसी ठोस बातों पर अपना ध्यान केंद्रित करना चाहिये।

यह विचार करना व अंतर करना भी जरूरी है कि परिणाम निश्चित है, मात्रा सम्भावित है या प्रत्याशित है। अक्सर जीवन में हर दिन जो तमाम बातें, घटनाएं, स्थितियां आती जाती हैं, वे सभी महत्त्वपूर्ण नहीं होती। 80 प्रतिशत बातें तो महत्त्वहीन ही होती हैं। उन पर ध्यान न देने व अनदेखा करने की आदत पाल लेनी चाहिये। हां, वे गंभीर बातें जो भले ही 15-20 प्रतिशत हों, पर गंभीरता से ध्यान देना चाहिये।

प्रायः लोग जिस बात को लेकर परेशान व चिन्तित होते हैं, उसका होना ही बहुधा तय नहीं होता। वह मात्रा सम्भावित या प्रत्याशित ही होती है। वही करना चाहिये जो सहज व सामान्य हो। अपनी दिनचर्या व व्यस्तता निभानी चाहिये ताकि मन खाली न रहे, ऊल जलूल न सोचे व भावनाएं हावी न हों।

अपनी जानकारी व दिमाग पर चलना ठीक है, कल्पना या भावना पर नहीं। किसी भी तरह की घबराहट के मूल में गलत तथ्य व विकृत परिकल्पनाएं ही ज्यादातर होती हैं जैसे, ज्यादा काम करने पर व्यक्ति जब थक जाता है तो जीवन से ही हार सी मान लेता है। सोचता है 'बेकार है जीवन, इसमें रखा ही क्या है'' पर वास्तव में केवल थकान ही होती है, इससे ज्यादा और कुछ नहीं जो थोड़ा आराम व पथ्य पा कर ठीक हो जायेगी।

हम पर जो बीत रही है या जैसी स्थिति परिस्थिति से हम दो चार हो रहे हैं, दूसरे भी लगभग उसी रूप में या किसी और रूप में उसे भुगत चुके होते हैं। दुःख व आवेग, विषाद, तनाव के कारण यह सोचना कि हम ही अकेले हत्भागी हैं जो ऐसी बीमारी, क्लेश भुगत रहे हैं, गलत है। दुनिया में तमाम भले लोग ऐसी तकलीफ क्या, इससे भी बड़ी-बड़ी मुसीबतें, तनाव व समस्याएं झेलते हैं पर अपने संयत व्यवहार, सोच व सकारात्मक व्यवहार के कारण उन्हें झेल कर उबर भी जाते हैं। (स्वा.द.)

# खतरे को चेतावनी देती है पीड़ा

आनंद कुमार अनंत

पीड़ा हमारे शरीर में आने वाले अथवा आये हुए कष्ट के लिए एक प्रकार का अलार्म है जो हमारी चेतना को झकझोर कर हमारे कष्ट की ओर संकेत करती है। इसे प्रकृति का खतरे की सूचना देने वाला यंत्रा भी समझना चाहिए।

वास्तव में पीड़ा कोई रोग नहीं है बल्कि एक कष्टदायक अनुभूति है जो शरीर के बाहर या भीतर पनप रहे रोगों की ओर संकेत करती है। जब हमें किसी प्रकार की चोट लगती है, तो हमारा शरीर पीड़ा की चेतावनी देकर कई प्रकार की अनुक्रियाएं करता है। हमारी त्वचा तथा पेट के माध्यम से बहने वाला रक्त मस्तिष्क, फेफड़े तथा मांसपेशियों की ओर प्रवाहित होने लगता है और हृदय की धड़कन बढ़ जाती है। रक्तचाप बढ़ जाता है। यह सब पीड़ा की शुरूआत में शरीर द्वारा की जाने वाली आवश्यक कार्यवाही है। यकृत रक्त प्रवाह में शर्करा संग्रहित करके रखता है और यह शक्तिदायिनी शर्करा जल्दी से जल्दी मांसपेशियों तक पहुंच जाती है।

पीड़ा का होना अत्यावश्यक नहीं है जितना कि उसका अनुभव होना। रूस में एक ऐसी महिला थी जिसे जीवन में कभी भी पीड़ा का अनुभव नहीं हुआ था, इसलिए उसे जब कभी भी शारीरिक कष्ट होता था तो वह मरणासन्न हो जाती थी और उसे अस्पताल में भरती होना पड़ता था। उपचार होता और ठीक हो जाती। चूंकि उसे पीड़ा का अनुभव होता ही नहीं था, इसलिए उसे आने वाले खतरों की जानकारी नहीं मिल पाती थी। अगर किसी व्यक्ति को पीड़ा का अनुभव नहीं होता तो वह किसी भी घातक बीमारी के चंगुल में अनजाने ही फंस सकता है।

अगर सिर के पास चोट लगती है तो आंसू बहने लगते हैं, नाक बहने लगती है। यह शरीर के भीतर एकत्रित हानिकारक पदार्थों को बाहर निकाल फेंकने के लिए प्रकृति का प्रयास होता है। इतना ही नहीं, रक्त में भी ऐसे रासायनिक परिवर्तन होने लगते हैं, जिससे चोट की पीड़ा को शरीर झेल सकने में समर्थ हो सके। ऐसे में रक्त त्वचा पर होने वाले जख्म पर जल्दी से जल्दी जम जाता है और रक्त प्रवाह को रोक देता है।



अगर पीड़ा का मूल स्थान शरीर के भीतर है तो पूर्णतः अलग प्रकार की रक्षात्मक कार्यवाही होती है। रक्तचाप तुरन्त घट जाता है, जी मिचलाने लगता है या ऐसा ही कोई दूसरे प्रकार का लक्षण प्रकट होता है। शरीर में भारीपन लगना, लेटे रहने की इच्छा होना आदि लक्षण प्रकट होते हैं जो स्वास्थ्य लाभ के लिए आवश्यक होते हैं।

पीड़ा में विभिन्नताएं भी पायी जाती हैं। पत्थर के आघात की पीड़ा का अनुभव, किसी जीव-जंतु के काटने या डंक मारने से भिन्न होता है। हमारे ज्ञानतंतु इसकी भिन्नता को तुरंत प्रकट कर देते हैं। इस संबंध में डॉ. हार्डी का कहना है कि पीड़ा एक प्रकार का बैरोमीटर है। यह शरीर में होने वाली क्षति की गति की सूचना देती है। यह क्षति की गंभीरता की सूचना नहीं देती बल्कि यह सूचित करती है कि यदि आप कार्यवाही नहीं करेंगे तो आप गंभीर संकट की ओर भी बढ़ सकते हैं।

पीड़ा की सूचना देने वाली नाड़ियों के तार हमारे सारे शरीर में बड़े सुनियोजित ढंग से फैले होते हैं। इनका सीधा संबंध हमारे ज्ञानतंतुओं से बना रहता है। इसलिए प्राकृतिक चिकित्साशास्त्रियों का कथन है कि पीड़ा का संकेत मिलते ही उसके कारण को समझकर निवारण के लिए तत्पर हो जाना चाहिए। इससे आने वाला गंभीर संकट दूर हो जाता है। पीड़ानाशक गोलियां (औषधियां) पीड़ा के संकेतों को सुन्न कर देने या नष्ट कर देने का काम करती हैं, अतः इनसे परहेज बरतना चाहिए।

संवेदनशील पीड़ा का एक और सांकेतिक लक्षण होता है। अगर कोई मांसपेशियों से संबंधित जरूरत से अधिक मेहनत करता है तो मांसपेशियों में पीड़ा होने लगती हैं जो यह संकेत देती हैं कि शरीर को आराम की जरूरत है। अगर कुछ देर आराम करने के बाद फिर काम शुरू किया जाय और पीड़ा पुनः होने लगे तो समझना चाहिए कि मांस-पेशियों को अभी पूरी तरह आराम नहीं मिला है। ऐसी हालत में मेहनत करना नुकसानदायक साबित हो सकता है। इस प्रकार की संवेदनशीलता अंगों की सुरक्षा के लिए बड़ा अच्छा काम करती है। पीड़ा आघात के प्रभाव के हिसाब से अनुभूत होती है। अधिक आघात, अधिक पीड़ा और हल्का आघात हल्की पीड़ा को उत्पन्न करता है। (स्वा. द.)

# टमाटर में है सेहत का खजाना

सुनीता गाबा

टमाटर में प्रोटीन, विटामिन और वसा होता है । दिन भर में एक टमाटर खाने से आपके शरीर को कई फायदे होते हैं। तो आइये एक नजर टमाटर के लाभों पर डालें:-

- टमाटर का नियमित सेवन करने से शरीर में रोग प्रतिरोधक शक्ति बढ़ती है।
- टमाटर हमारी पाचन शक्ति को दुरूस्त रखता है।
- डायबिटिज और हृदय रोगियों के लिए उत्तम है। कच्चे टमाटर का सेवन करना।
- कफ में भी टमाटर का सेवन लाभप्रद होता है।
- टमाटर के गूदे में कच्चा दूध और कुछ बूंदें नींबू की मिलाकर चेहरे पर लगाने से चेहरे में रौनक आती है।
- टमाटर में साइट्रिक और मेलिक एसिड पाये जाते हैं जो प्रभावी एंटासिड हैं।
- पौरूष शक्ति बढ़ाने के लिए खाना खाने से पूर्व दो या तीन पके टमाटर काली मिर्च और सेंधा नमक लगा कर खाने से लाभ मिलता है।
- कब्ज होने पर प्रतिदिन कच्चा टमाटर सेंधा नमक के साथ लें।
- अगर त्वचा पर टैनिंग हो गई हो तो टमाटर को उस स्थान पर लगातार कई दिन तक हल्के हाथों से रगड़ें। टैनिंग धीरे-धीरे हट जाएगी।
- पेट के कीड़ों को दूर करने के लिए प्रातः खाली पेट टमाटर पर पिसी काली मिर्च लगाकर खाने से लाभ होता है।
- टमाटर के नियमित सेवन से आंख और पेशाब संबंधी बीमारी में भी लाभ होता है।

प्रातः नियमित रूप से दांत साफ किए बिना एक टमाटर का सेवन करें शरीर को बहुत लाभ मिलेंगे।

जिन लोगों को पथरी हो उन्हें कच्चे टमाटर का सेवन नहीं करना चाहिए, विशेषकर बीज वाला भाग। (स्वा. द.)

## न्यूज ब्रीफ

### फैबटेक टेक्नोलॉजीज का आईपीओ 29 सितंबर को खुलेगा, मूल्य दायरा 181-191 रुपये प्रति शेयर तय

**नयी दिल्ली:** फार्मा, बायोटेक और स्वास्थ्य सेवा उद्योग के लिए इंजीनियरिंग समाधान प्रदाता फैबटेक टेक्नोलॉजीज ने अपने आगामी 230 करोड़ रुपये से अधिक के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 181-191 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया। फैबटेक टेक्नोलॉजीज ने बुधवार को बयान में कहा कि यह आईपीओ 29 सितंबर को अभिदान के लिए खुलेगा और एक अक्टूबर को बंद होगा। कंपनी का आईपीओ पूर्णतः 1.2 करोड़ इक्विटी शेयरों का ताजा निर्गम है., जिसकी कीमत मूल्य दायरे के ऊपरी छोर पर 230 करोड़ रुपये है।

### अनंद राठी के 745 करोड़ रुपये के आईपीओ को दूसरे दिन 1.11 गुना अभिदान मिला

**नयी दिल्ली:** आनंद राठी समूह की ब्रोकरेज इकाई आनंद राठी शेयर एंड स्टॉक ब्रोकर्स लिमिटेड के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को बुधवार को बोली के दूसरे दिन तक 1.11 गुना अभिदान मिला। एनएसई के आंकड़ों के अनुसार, तीन दिवसीय आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) में 1,33,63,342 शेयरों के मुकाबले 1,48,34,376 शेयरों के लिए बोलियां प्राप्त हुईं। गैर-संस्थागत निवेशकों के हिस्से को 1.88 गुणा और खुदरा व्यक्तिगत निवेशकों (आरआईआई) के हिस्से को 1.37 गुणा अभिदान मिला। पात्र संस्थागत खरीदारों (क्यूआईबी) के हिस्सा को दो प्रतिशत अभिदान प्राप्त हुआ। आनंद राठी शेयर एंड स्टॉक ब्रोकर्स ने सोमवार को एंकर निवेशकों से 220 करोड़ रुपये से अधिक जुटाने की घोषणा की।

### जेबीटी मरेल ने भारत में ग्लोबल प्रोडक्शन सेंटर का किया उद्घाटन

**कोलकाता, समाज्ञा :** फूड प्रोसेसिंग टेक्नोलॉजी में वैश्विक लीडर जेबीटी मरेल ने भारत में अपने ग्लोबल प्रोडक्शन सेंटर (जीपीसी) का उद्घाटन किया। पुणे के नायगांव में स्थापित यह सेंटर भारतीय और एशिया-पैसिफिक बाजारों को आधुनिक, कुशल और पर्यावरण के अनुकूल फूड प्रोसेसिंग समाधान प्रदान करने के लिए बनाया गया है। उद्घाटन समारोह में जेबीटी मरेल के सीईओ ब्रायन डेक, ईवीपी ऑगस्टो रिज़ोलो, बॉब पेट्री और जैक मार्टिन सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। ऑगस्टो रिजोलो ने कहा कि भारत में जीपीसी फूड प्रोसेसिंग में इनोवेशन को बढ़ावा देगा और दक्षिण एशिया में वैश्विक विशेषज्ञता को करीब लाएगा। भारत की फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री में 80 लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिला है और यह मैन्युफैक्चरिंग जीडीपी में 12% योगदान देती है। जेबीटी मरेल का नया सेंटर न केवल भारत की जरूरतों को पूरा करेगा, बल्कि एशिया क्षेत्र के लिए एक प्रमुख एक्सपोर्ट बेस के रूप में कार्य करेगा।

# मंत्रिमंडल ने जहाज निर्माण, समुद्री क्षेत्र के लिए 69,725 करोड़ रुपये के पैकेज को मंजूरी दी

**नयी दिल्ली:** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने देश में जहाज निर्माण एवं समुद्री वहन क्षेत्र को सुदृढ़ करने के साथ विदेशी जहाजों पर निर्भरता कम करने के लिए बुधवार को 69,725 करोड़ रुपये के व्यापक पैकेज को मंजूरी दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस पैकेज पर मुहर लगाई गई। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संवाददाताओं को इस फैसले की जानकारी दी। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि इस पैकेज को चार स्तंभों पर आधारित किया गया है। इसके तहत घरेलू जहाज निर्माण क्षमता बढ़ाने, दीर्घकालिक वित्तपोषण की सुविधा, नई एवं पुरानी जहाज निर्माण परियोजनाओं के विकास को प्रोत्साहन, तकनीकी क्षमताओं एवं कौशल विकास को बढ़ावा देने के साथ कानूनी, कर एवं नीतिगत सुधार



भी लागू किए जाएंगे। मंत्रिमंडल ने 'जहाज निर्माण वित्तीय सहायता योजना' (एसबीएफएएस) को 31 मार्च, 2036 तक बढ़ा दिया गया है और इसके लिए 24,736 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। इस योजना के तहत जहाज निर्माण को प्रोत्साहन देने के लिए 4,001 करोड़ रुपये का शिपब्रेकिंग क्रेडिट नोट भी जारी किया जाएगा। इन सभी पहल की निगरानी के लिए 'राष्ट्रीय जहाज निर्माण मिशन' भी शुरू किया जाएगा। इसके अलावा, 25,000 करोड़ रुपये के समुद्री विकास कोष (एमडीएफ) को मंजूरी दी गई है। इसमें 20,000 करोड़ रुपये का समुद्री निवेश कोष होगा जिसमें केंद्र सरकार की 49 प्रतिशत भागीदारी होगी। इसके साथ ऋण की लागत कम करने और परियोजनाओं की बैंक-योग्य क्षमता बेहतर करने के लिए 5,000 करोड़ रुपये का ब्याज प्रोत्साहन कोष भी बनाया जाएगा। 'जहाज निर्माण विकास योजना' (एसबीडीएस) के लिए 19,989 करोड़ रुपये का बजटीय प्रावधान किया गया है। इसके तहत घरेलू जहाज निर्माण क्षमता को 45 लाख टन प्रति वर्ष तक बढ़ाने, बड़े जहाज निर्माण क्लस्टर एवं अवसंरचना के विस्तार, इंडियन मैरीटाइम यूनिवर्सिटी के तहत इंडिया शिप टेक्नोलॉजी सेंटर की स्थापना और बीमा सहित जोखिम कवरेज का भी प्रावधान किया गया है। आधिकारिक बयान के मुताबिक, यह पैकेज लगभग 45 लाख टन क्षमता विकसित करेगा, 30 लाख रोजगार के अवसर सृजित करेगा और करीब 4.5 लाख करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित करेगा।

### सरकार ने दूसरी पीढ़ी के एथनॉल उत्पादन के लिए अतिरिक्त नीतिगत शर्तों में ढील दी

**नयी दिल्ली:** सरकार ने बुधवार को दूसरी पीढ़ी के एथनॉल के निर्यात के लिए अतिरिक्त नीतिगत शर्तों को अधिसूचित किया। यह एथनॉल खोई, लकड़ी के कचरे और औद्योगिक कचरे जैसी सामग्रियों से उत्पादित किया जाता है। बयान के अनुसार, दूसरी पीढ़ी के एथनॉल को ईंधन और गैर-ईंधन उद्देश्यों के लिए 'अनुमति' दी गई है। इसका उत्पादन खोई, लकड़ी के कचरे, लिग्नोसेल्यूलोसिक फीडस्टॉक (कृषि और वानिकी अवशेष जैसे चावल और गेहूं के भूसे, मक्का) जैसी सामग्रियों और घास, शैवाल जैसी गैर-खाद्य फसलों के जरिये होता है। इनमें कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन कम होता है या ग्रीनहाउस गैसों में उच्च कमी होती है और जो भूमि उपयोग के लिए खाद्य फसलों के साथ प्रतिस्पर्धा नहीं करते हैं। हालांकि, यह अनुमति संबंधित सक्षम प्राधिकारी से वैध निर्यात प्राधिकरण और कच्चे माल के प्रमाणन के अधीन है।

## बैंक, वाहन शेयरों में मुनाफावसूली से शेयर बाजार में लगातार चौथे दिन गिरावट; सेंसेक्स 386 अंक टूटा



**मुंबई:** बैंक, वाहन तथा पूंजीगत वस्तुओं के शेयरों में मुनाफावसूली से स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 386 अंक के नुकसान में रहा, जबकि एनएसई निफ्टी 112 अंक टूटा। विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी और अमेरिकी एच-1बी वीजा शुल्क में वृद्धि से भी निवेशकों की धारणा पर असर पड़ना जारी है। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 386.47 अंक यानी 0.47 प्रतिशत टूटकर 81,715.63 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह 494.26 अंक तक लुढ़क गया था। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 112.60 अंक यानी 0.45 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,056.90 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा मोटर्स, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, टेक महिंद्रा, महिंद्रा एंड महिंद्रा, आईसीआईसीआई बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और एक्सिस बैंक प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में पावर ग्रिड, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एनटीपीसी और एचसीएल टेक शामिल हैं।

## प्रधानमंत्री मोदी ग्रेटर नोएडा में करेंगे उप्र इंटरनेशनल ट्रेड शो-2025 की शुरुआत



**लखनऊ:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बृहस्पतिवार को ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो के तीसरे संस्करण का शुभारंभ करेंगे। 25 से 29 सितंबर तक आयोजित होने जा रहे उप्र इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 में प्रदेश की औद्योगिक, कृषि, सांस्कृतिक और नवाचार क्षमताओं का भव्य प्रदर्शन होगा। इस मेगा आयोजन का उद्देश्य केवल निवेश और व्यापार को बढ़ावा देना नहीं है, बल्कि उत्तर प्रदेश को वैश्विक मंच पर स्थापित करना और युवाओं, उद्यमियों व अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों के लिए भविष्य के लिए तैयार करना भी है। एक बयान के मुताबिक उत्तर प्रदेश सरकार की पहल से यह ट्रेड शो क्राफ्ट, कल्चर और कुज़ीन के संगम का प्रतीक बनकर प्रदेश की विविध पहचान को दुनिया के सामने लाएगा। वर्ष 2023 में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा उद्घाटित पहले संस्करण से लेकर 2024 में तत्कालीन उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ द्वारा उद्घाटन किए गए दूसरे संस्करण तक, यूपीआईटीएस ने आकार, आंकड़ों और प्रभाव में दोगुना से अधिक प्रगति की है।

## वैश्विक कारकों से किसानों को नहीं मिल पाता फसलों का उचित मूल्य: गडकरी

**नयी दिल्ली:** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को कहा कि सरकार को उन किसानों का समर्थन करना चाहिए जिन्हें अपनी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल पाता है क्योंकि यह दाम वैश्विक कारकों से तय होता है। गडकरी ने 'भारत जैव-ऊर्जा एवं प्रौद्योगिकी एक्सपो के दूसरे संस्करण' को संबोधित करते हुए कहा कि चीनी की कीमत ब्राजील, तेल की कीमत मलेशिया, मक्के की कीमत अमेरिका और सोयाबीन की कीमत अर्जेंटीना से प्रभावित होती है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, 'हम ग्रामीण और आदिवासी भारत में गरीबी एवं बेरोजगारी की समस्याओं का सामना कर रहे हैं क्योंकि वैश्विक अर्थव्यवस्था में किसानों को अच्छे




मूल्य नहीं मिल रहे हैं।' गडकरी ने कहा कि भारत की 65 प्रतिशत जनसंख्या कृषि गतिविधियों में लगी हुई है लेकिन देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में उनका योगदान महज 14 प्रतिशत है। उन्होंने कहा, ''ऐसे परिदृश्य में, हमारी ग्रामीण कृषि और आदिवासी अर्थव्यवस्था को बचाकर रखने के लिए, हमें कृषि का समर्थन करने की जरूरत है... जो उपभोक्ता, देश और आपके लिए बहुत महत्वपूर्ण है।' उन्होंने कहा, ''किसानों को अपनी फसलों का उचित मूल्य नहीं मिलने के कारण कई आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।'' गडकरी ने कहा कि जब सरकार ने मक्के से बायो-एथेनॉल बनाने की मंजूरी दी तो मक्के की कीमत 1,200 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़कर 2,800 रुपये प्रति क्विंटल हो गई। उन्होंने कहा कि मक्के से एथेनॉल का उत्पादन करके किसानों ने 45,000 करोड़ रुपये की अतिरिक्त कमाई की है।

## मंत्रिमंडल ने बिहार में साहेबगंज-अरेराज-बेतिया खंड को चार लेन बनाने की परियोजना को मंजूरी दी

**नयी दिल्ली:** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को बिहार में राष्ट्रीय राजमार्ग 139डब्ल्यू पर 78.94 किलोमीटर लंबे साहेबगंज-अरेराज-बेतिया खंड को चार लेन बनाने की परियोजना को मंजूरी दे दी। इस पर 3,822.31 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है। प्रस्तावित चार लेन वाली नई परियोजना पटना और बेतिया के बीच संपर्क में सुधार करेगी और उत्तर बिहार के वैशाली, सारण, सीवान, गोपालगंज, मुजफ्फरपुर, पूर्वी चंपारण और पश्चिमी चंपारण जिलों को भारत-नेपाल सीमा से लगे क्षेत्रों से जोड़ेगी। एक आधिकारिक बयान में कहा गया, ''प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने बिहार में राष्ट्रीय राजमार्ग 139डब्ल्यू के साहेबगंज-अरेराज-बेतिया खंड के चार लेन के हाइब्रिड एन्युइटी मोड में निर्माण को मंजूरी दे दी है। इस परियोजना की कुल लंबाई 78.94 किलोमीटर और कुल पूंजीगत लागत 3,822.31 करोड़ रुपये है।'' उन्होंने कहा कि यह परियोजना लंबी दूरी के माल यातायात को सुगम बनाएगी, प्रमुख बुनियादी ढांचे तक पहुंच में सुधार करेगी और कृषि क्षेत्रों, औद्योगिक क्षेत्रों और सीमापार व्यापार मार्गों से संपर्क में सुधार करके क्षेत्रीय आर्थिक विकास को सुविधाजनक बनाएगी।

# सेबी के फैसले ने समूह को सही साबित किया, ''सत्य की जीत हुई'': गौतम अदाणी

**नयी दिल्ली:** अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने बुधवार को शेयरधारकों को लिखे एक पत्र में बाजार नियामक सेबी के फैसले का हवाला देते हुए कहा कि ''सत्य की जीत हुई है।'' अदाणी ने सेबी द्वारा हिंडनबर्ग रिसर्च रिपोर्ट के आरोपों को खारिज किए जाने को समूह के कामकाज करने के तरीके और पारदर्शिता की ''पुष्टि'' भी करार दिया। अमेरिकी अनुसंधान एवं निवेश कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च की जनवरी, 2023 की रिपोर्ट के कारण समूह को 150 अरब डॉलर का नुकसान हुआ था। अदाणी ने कहा कि भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा आरोपों को खारिज करने से उस लंबी जांच अवधि का अंत हो गया है, जिसने समूह के लचीलेपन के ''हर आयाम'' की परीक्षा ली। उन्होंने कहा कि यह हमला सिर्फ अदाणी समूह पर नहीं था, बल्कि '' वैश्विक स्तर पर पहुंचने के सपने देखने वाले



भारतीय उद्यमों के साहस को सीधी चुनौती थी।'' बाजार नियामक सेबी ने पिछले सप्ताह हिंडनबर्ग रिसर्च के आरोपों को खारिज करते हुए उद्योगपति गौतम अदाणी और उनकी अगुवाई वाले समूह को 'क्लीन चिट' दे दी थी। सेबी ने कहा था कि उसे हिंडनबर्ग के आरोपों में ऐसा कोई साक्ष्य नहीं मिला कि समूह ने अपनी सूचीबद्ध कंपनियों में पैसा भेजने के लिए संबंधित पक्षों का उपयोग किया हो। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने दो अलग-अलग आदेशों में कहा कि विस्तृत जांच के बाद भेदिया कारोबार, बाजार में गड़बड़ी और सार्वजनिक शेयरधारिता मानदंडों के उल्लंघन के आरोप निराधार पाए गए। सेबी का यह आदेश जनवरी, 2023 की हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के बाद महीनों की जांच और अटकलों के बाद आया है। रिपोर्ट के कारण सूचीबद्ध अदाणी समूह की कंपनियों के शेयरों में भारी गिरावट आई थी। हिंडनबर्ग कंपनी अब बंद हो चुकी है। अदाणी ने कहा कि समूह अब कामकाज को मजबूत करने, नवोन्मेषण को बढ़ावा देने और बुनियादी ढांचे में निवेश बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करेगा।

### बीएसए गोल्ड स्टार 650 पर त्योहारी ऑफर: प्री-जीएसटी 2.0 कीमतों पर उपलब्ध

**कोलकाता, समाज्ञा:** बीएसए मोटरसाइकिल्स ने नवरात्रि के अवसर पर अपने प्रमुख मॉडल गोल्ड स्टार 650 के लिए सीमित समय का त्योहारी ऑफर पेश किया है। पहले 500 खरीदार इस मोटरसाइकिल को प्री-जीएसटी 2.0 कीमतों पर हासिल कर सकते हैं और 5,900 रुपये की लिमिटेड-एडिशन एक्सेसरी किट का लाभ उठा सकते हैं। जीएसटी 2.0 संशोधन के बावजूद बीएसए ने मूल्य वृद्धि का बोझ ग्राहकों पर नहीं डाला। गोल्ड स्टार 650 में 652सीसी सिंगल-सिलेंडर इंजन, 5-स्पीड गियरबॉक्स, ड्यूल-चैनल एबीएस और आधुनिक फीचर्स हैं, जो शहर और हाईवे दोनों में स्मूथ राइडिंग सुनिश्चित करते हैं। त्योहारी ऑफर के तहत रोमांचक फाइनेंसिंग विकल्प, जैसे 5.99% ब्याज दर और ज़ीरो डाउन पेमेंट, भी उपलब्ध हैं।

## ओला इलेक्ट्रिक के 'मुहूर्त महोत्सव' के पहले दिन पांच मिनट में ही सारे वाहन बिके



**नयी दिल्ली:** देश की सबसे बड़ी इलेक्ट्रिक वाहन कंपनी ओला इलेक्ट्रिक के 'मुहूर्त महोत्सव' में ग्राहकों का जबर्दस्त उत्साह देखने को मिला। कंपनी ने बुधवार को बताया कि बिक्री शुरू होने के सिर्फ पांच मिनट के भीतर ही उसके सारे वाहन बिक गए। कंपनी ने बताया कि यह भारी मांग ओला द्वारा हाल ही में शुरू किए गए उत्सव अभियान की वजह से आई है। ओला इलेक्ट्रिक ने अपने सबसे अधिक बिकने वाले एस1 स्कूटर और रोडस्टरएक्स मोटरसाइकिल के लिए 49,999 रुपये से शुरू होने वाली अब तक की सबसे किफायती कीमतें पेश की हैं।

LIONS CLUBS OF DISTRICT 322B1 & 322B2
presents
DJ Happy
Anurag Mohta Anchor
Manoj Dubey
Salil (Tutul) Melody Makers Musical Group
PARTNER-IN-SERVICE
AUM CAPITAL YOUR TRUST IS OUR WEALTH
essence
Great Eastern We serve you best
MUMUSO Global lifestyle Brand
STYLE BAAZAR STYLING YOUR FAMILY
manipal hospitals LIFE'S ON
Vandana SAREES • SUITS
AXGEM
DECO DREAMS A 360° COMPLETE FURNISHING SOLUTION
LIONS Disco Dandia
Powered by: KEEKA PLAY LEARN GROW
PARTNER-IN-SERVICE
JK MASALE SINCE 1957
ashika Growing and Sharing with you
S.G.Karel (Jewellers)
GTPL KCBPL
SANSKRITI BY PANKAJ MEN'S ETHNIC WEAR
ATIVIR NUTURING RELATIONSHIP NURTURING TRUST
SAI SECURITIES 8981363676
PRATEEK ROADLINES OF INDIA
A-first EXCLUSIVE KIDS WEAR
FIRST Baby EXCLUSIVE GIRLS WEAR
Mala COTTON SAREES
Krishna Apparels
PARTNER-IN-SERVICE
SRMB TMT WINGRIP
Travel Point
PAWAN PUTRA A BOUTIQUE HOTEL
Vision SKY
Sai Catering
Wat-a-paan
Beyond Dreams
29th, 30th September & 1st October 2025
MAIN BANQUETS, PARK HOTEL • 8 PM ONWARDS
Mentor: Mahendra Jain Chairman: Dilip Bansal • Pawan Murarka Co-Chairman: Sandeep Jain • Deepak Khetawat • Madhav Sharma
Chief Advisors: G L Chamaria • Pramod Chandak • Pawan Parasrampuria • Naresh Daruka • Amit Bothra • Chandi Bansal • Mukesh Jain
Advisors: Roshan Drolia • Chetan Jain • Krishna Pareek • Anup Shroff • Anoop Agarwal • Suraj Chokhani • Sudhir Agarwal
Convenors: Vineet Kedia • Supriya Singh • C S Sarda Coordinators: Amit Agarwal • Mohit Bhutoria • Mohit Agarwal • Arvind Bajpai • Puneet Arora • Deepika Jha • Mahesh Tiwari
Arun Poddar • Ravi Jain • Ravindra Agarwal • Varsha Mundhra • Om Prakash Todi • Alka Khanna • Harsh Udasi • Krishna Keshri • Pankaj Bhalotia • Bipin Rustogi
District Governor: Manju Chamaria • Swati Goswami
1st Vice District Governor: Pramil Rungta • Ashissh Jhunjhunwala
2nd Vice District Governor: Rabindra Nath Paul • Nitin Agarwal
Cabinet Secertary: Neetu Baid • Manmohan Bagri • Saheli Chakraborty
Cabinet Treasurer: Daksha Shah • Sarika Varshnaya
showblizz
राष्ट्रीय महानगर Kolkata's Most popular Hindi Evening Daily
Solitaire
TASCHE
राजस्थान पत्रिका
प्रभात खबर
91.9 friends fm
EVERGREEN Shirting & Suiting
RICHMOND
book my show
district BY ZOMATO
ORGANISED BY:
Titanium Club: Lions Club of Howrah
Platinum Club: Lions Club of Calcutta Greater, Jorasanko, Kankurgachhi, Tollygunge, Kolkata Astitva, Beacons, Mother Teresa Sarani, Royal • Gold Club: Lions Club of Calcutta Circular, City of Joy, Kolkata Grand, Panchwati, Pearl, Sarthak, Shraddha Saburi • Silver Club: Lions Club of Calcutta Brabourne Road, Cosmopolitan, Cultural City, Megacity, Priyadarshini, Roshini, Saltlake, Howrah Greater, Kakinara, Centennial Moksh, Kankurgachhi Femina, Kolkata Femina, Madhuban, Mangalam Legends, Medistar, Metro City, New Town, Pehchan, Pride, Prerna, Rabindra Sarovar, Yugantar
FOR DETAIL CONTACT: 9830088301 9433104856 9831226143

वर्ष 10, पूर्णांक 3368 अंक 178, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित। सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in